● जयपुर, मंगलवार, 23 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 331 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 भट्टा बस्ती पुलिस थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई ने अपराधियों में भय...

पेज @4 शैक्षिक जनजागरण एवं सामाजिक सरोकार अभियान के तहत...

पेज @8 » लंबित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें...

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज पेश करेंगी आम बजट, जनता को राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में आम बजट पेश करेंगी। आज शाम बजट को अंतिम रूप दिया गया है। बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को बजट पेश करने से एक दिन पहले 22 जुलाई सोमवार को लोकसभा में प्री-बजट डॉक्यूमेंट यानि आर्थिक सर्वे 2023-24 पेश कर दिया है। केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि कल बजट लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस बजट में विकास के लिए बहुत ज्यादा पैसे देने का ऐलान होगा। प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि हर वर्ग को न्याय मिलना चाहिए। ये बहुत



सराहनीय बजट होगा।

देश को आर्थिक और सामाजिक न्याय देने वाला बजट होगा। लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण को पेश करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि 8.2 फीसदी रही है और चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी वृद्धि 6.5 से 7.5 फीसदी रहने का अनुमान है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ये बजट सत्र है और मैं देशवासियों को जो गा-रंटी देता रहा हूं, उन गारंटियों को पूरा करने के लक्ष्य पर हमें आगे बढ़ना है। अमृतकाल का ये महत्वपूर्ण बजट है, जो हमारे पांच साल के कार्य की दिशा तय करेगा। क्करू रूशस्त्रद्ब ने आगे कहा कि आजादी के 100 साल होने पर 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का जो लक्ष्य हमने रखा है, कल पेश किया जाने वाला बजट उस पर क्रेंदित होगा।

## बजट 2047 तक विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव रखेगा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को एक बयान दिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने इस तथ्य पर गर्व व्यक्त किया कि 60 वर्ष के अंतराल के बाद कोई सरकार लगातार तीसरी बार आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आई सरकार द्वा-रा बजट पेश करने के कार्य को देश एक गौरवशाली घटना के रूप में देख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि



यह बजट अमृत काल के मील के पत्थर का बजट है और सरकार एक निर्धारित अवधि में दी गई गारंटियों को वास्तविक रूप से साकार करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बजट मौजूदा सरकार के अगले पांच वर्षों की दिशा निर्धारित करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव रखेगा।उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले लगातार तीन वर्षों में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला देश है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण, निवेश और कार्य प्रदर्शन के कारण आज देश में उपलब्ध अवसर चरम पर हैं। यह देखते हुए कि अब राजनीतिक दलों के बीच सभी लड़ाइयां लड़ी जा चुकी हैं और नागरिकों ने लोकसभा चुनाव के समापन के बाद सरकार चुनी है, प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से एक साथ आकर अगले 5 वर्षों के दौरान देश के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपने संगठनों से ऊपर उठने और अगले साढ़े चार वर्षों के लिए संसद के गरिमामय मंच का उपयोग करके राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने का भी आग्रह किया।

**न्यूज़ अपडेट**

### स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से 3 की मौत,

**भागलपुर/एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया में सोमवार को श्रावण महीने के पहले दिन गंगा स्नान करने के दौरान नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पवित्र श्रावण मास की शुरुआत के दिन कुछ लोग नवगछिया के मथुरापुर जहाज घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। इसी बीच, स्नान के दौरान कई युवक लगाए बैरिकेडिंग के आगे चले गए और नदी की तेज धार में पहुंच गए तथा बहने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान चार युवक नदी में डूब गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। एक अधिकारी ने बताया कि तीन शवों को नदी से बरामद कर लिया गया है, जबकि एक युवक लापता बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## संसद में नीट को लेकर हंगामा : शिक्षा मंत्री बोले

# पेपर लीक को लेकर कोई सबूत नहीं, राहुल ने कहा-गड़बड़ी हुई है

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

मानसून सत्र आज से शुरू हो गया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नीट में हुई गड़बड़ी पर बोल रहे थे। इस दौरान विपक्ष ने हंगामा किया और उनके इस्तीफे की मांग की। जबाव में शिक्षा मंत्री ने कहा, मामला सुप्रीम कोर्ट में है और कोर्ट का जो भी निर्देश होगा हम उसे मानेंगे। कोर्ट ने सभी छात्रों के सिटी और सेंटर वाइज रिजल्ट जारी करने को कहा था, जो पब्लिक डोमेन में है।शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 7 साल में एक भी पेपर लीक का सबूत नहीं हैं। हां कुछ जगहों पर



गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में कुछ नहीं छिपा रही। नीट पेपर लीक मामले पर राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि पेपर लीक एक गंभीर मुद्दा है। परीक्षा व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी हुई है। शिक्षा मंत्री समस्या को नहीं समझ पा रहे हैं। पैसा हो तो आप कोई भी सीट ले सकते हैं। राहुल गांधी के बयान पर धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उनसे मुझे सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। मुझे जनता ने चुनकर भेजा है। रिमोट से सरकार चलाने वाले बयान दे रहे हैं। परीक्षा व्यवस्था पर सवाल नहीं होने चाहिए. सिस्टम सुधारने के लिए सुझाव दें। वहीं नीट पेपर लीक के मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाएगी। जांच के बाद लोग जेल भेजे जा रहे हैं।

**नीट पेपर लीक मामला :**

### 10 दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेजे गए दो सॉलवर समेत तीन आरोपी

**पटना/एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना से नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को सीबीआई ने 10 दिनों की रिमांड पर ले लिया है। सीबीआई ने एक दिन पहले ही दो सॉल्वर और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई और सेटर शशिकांत पासवान को गिरफ्तार किया था। सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई भरतपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं, जबकि तीसरा शख्स शशिकांत पासवान, पटना का रहने वाला है। सीबीआई ने तीनों आरोपियों को 10 दिनों की रिमांड पर लिया है।

## केकड़ी जिले को परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में मिली सौगातों के लिए हुआ धन्यवाद सम्मेलन

# हमारा बजट विकास की धुरी, हर आकांक्षा होगी पूरी,हर वर्ग, हर क्षेत्र को मिली भरपूर सौगातें: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## युवाओं को रोजगार देने के लिए राज्य सरकार निकाल रही बंपर भर्तियां

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित बजट 2024-25 विकसित राजस्थान की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसमें समाहित विजनरी रोडमैप से प्रदेशवासियों का वर्तमान के साथ-साथ भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आठ करोड़ जनता के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है और बजट की प्रत्येक घोषणा को समय पर पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री शर्मा सोमवार को केकड़ी के कृषि मंडी प्रांगण में परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में जिले को मिली सौगातों के लिए आयोजित धन्यवाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट की घोषणाओं का लाभ हर वर्ग, हर क्षेत्र तक पहुंचेगा और राजस्थान एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। यह बजट केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि राजस्थान और केकड़ी जिले के विकास की रूप रेखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है। पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, विधायक सहित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र की मांग के अनुरूप ही बजट तैयार किया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। युवाओं के लिए समयबद्ध रूप से सरकारी भर्तियां निकाली जाएगी।





### ● 650 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली सड़क

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में केकड़ी जिले के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इन घोषणाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, पेयजल आदि क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में 650 करोड़ रुपये से नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली सड़क को 4 लेन करने, 20 करोड़ रुपये की लागत से बिजयनगर-नगर-बड़ली-माताजी का खेड़ा व देवलिया कलां सड़क के निर्माण के साथ-साथ 20 करोड़ रुपये की लागत से मालपुरा-रिंडल्या-मांदोलाई-खेजड़ी का बास-देवगांव-बघेरा-हिसामपुर-नासीरदा-देवली तक सड़क का चौड़ाईकरण का कार्य करने सहित महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। साथ ही, 79 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से डियास-पनोतिया-देवरिया-धरोप-केरोट एवं खारी नदी पर हाई लेवल ब्रिज का कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बनने जा रहे 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का लाभ भी केकड़ी को मिलेगा। शर्मा ने कहा कि केकड़ी में पूर्व में संचालित आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी औषधालयों को जिला आयुष चिकित्सालयों में क्रमोन्नत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टांटोटी को नई नगरपालिका बनाया जाएगा और सरवाड़ में महाविद्यालय भी खोला जाएगा। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि एवं गेहूं की एमएसपी में बढ़ोतरी करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केकड़ी विधायक शत्रुघन गौतम ने नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली फोरलेन सड़क निर्माण के साथ ही अन्य सड़कों के विकास कार्यों की सौ×गात के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

### ● मुख्यमंत्री ने पूरी की मांग, विधायक पहने जूते

मुख्यमंत्री ने कहा कि केकड़ी विधायक शत्रुघन गौतम ने नसीराबाद-सरवाड़-केकडी-देवली चारलेन रोड की मांग के क्रम में चरण पादुका त्याग रखी थी और वे नंगे पैर रहते थे। हमने बजट में उनकी मांग संवेनदशीलता के साथ स्वीकार करते हुए 650 करोड़ रुपये की लागत के इस चारलेन रोड़ को मंजूरी दी है। इस दौरान श्री गौतम ने मुख्यमंत्री के समक्ष जूते पहनकर अपना संकल्प पूरा किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केकड़ी विधायक शत्रुघन गौतम के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया और हेलमेट वितरित किए। शिविर में करीब 3 हजार यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। मुख्यमंत्री ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। धन्यवाद सम्मेलन में राजस्थान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, विधायक रामस्वरूप लांबा, श्रीमती अनिता भदेल एवं स्वामी अवधेश दास जी महाराज और महंत हरिदास सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### ● पूर्ववर्ती सरकार ने किए झूठे वादे–

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में जनता से झूठे वादे किए गए, लेकिन हमने सरकार के गठन के बाद हर वादे को तत्परता से पूरा किया है। 10 जुलाई को परिवर्तित बजट 2024-25 पेश होने के तुरंत बाद ही घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए प्रभारी मंत्री एवं सचिवगण जिलों के दौरों पर निकल गए। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के अनुसार राज्य सरकार ने नकल माफिया पर सख्त कार्रवाई की। लगभग 110 नकल माफियाओं की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। अपराधियों पर नकेल कसते हुए हमने एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन भी किया है।

### ● ईआरसीपी का कार्य धरातल पर शुरू–

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ईआरसीपी को संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना में शामिल करते हुए भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश के साथ एमओयू कर धरातल पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। इससे प्रदेश के 21 जिलों में पानी की समस्या दूर होगी। साथ ही हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ने लगभग 65 लाख किसानों को 650 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं।

### ● प्रधानमंत्री के सामाजिक सरोकारों से आया बड़ा बदलाव

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सामाजिक सरोकारों के सूत्रधार हैं। उन्होंने ही 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत कर स्वच्छता का संदेश देने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्ती काम किया है। इन अभियानों से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की है।

# श्रावणी पर्व भगवान शिव का परम पवित्र पर्व है

मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे।श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। जिसे सावन के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दू पंचांग का यह पांचवां महीना होता है जिसे श्रावण या सावन माह के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन में पड़ने वाले सोमवार के दिन भोले शंकर की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। वहीं अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जुलाई और अगस्त में आता है। इसी महीने में आने वाले सोमवार के व्रत को अहमियत दी गई है।भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत अर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।सावन का महीना भगवान शिव को प्रिय है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से सावन सोमवार का विशेष महत्व होता हैइस विश्वभर में सभी मानव समय समय पर किसी न किसी प्रकार के पर्व मनाते हैं पर्व हमे सदा आनंद से पुरित करता है। जीवन में उत्साह भरने के लिये 1) श्रावणी पर्व ब्राह्मणो द्वारा, राष्ट्र की आध्यत्मिक शक्ती को पूंजीभूत, एकत्रित करने का पर्व 2) विजया दशमी जो क्षत्रिय वर्ण द्वारा राष्ट्र की सुरक्षा, सैनिक शक्ति को सफल बनाने का प्रतिक 3) महालक्ष्मी पूजन वैश्यवर्ण द्वारा राष्ट्र की अर्थ शक्ति व्यवस्थित करने का, 4) होली शूद्रवर्ण का संयोजन करनेवाला पर्व हैं यह चारों पर्व राष्ट्रीय को सुदृढ करने हेतु से हर कोई अपने अपने काम सेवा भावसे ईमानदारी से करें जैसे शिक्षक अपना काम करे, रक्षक अपना अपना काम करें, पोषक अपना अपना काम करें, कुम्हार, सुतार, लोहार, सोनार, सभी प्रामाणिकता से काम करें ताकि राष्ट्र की शक्ति बढें इस मे आत्म रक्षा, धर्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा का संकल्प बद्ध हैं

1) **आध्यात्मिक पक्ष** :- हमारे ऋषि मुनियों के संचालित यज्ञ एक संशोधनात्मक प्रक्रिया है, जिसमे समाज के किसी भी प्रकार के प्रदूषण से हम बचे, श्रावणी पर्व यह श्रावण मास के श्रावण नक्षत्र से युक्त पौर्णिमा को मनाया जाता हैं किसी किसी को भ्रान्ति है कि चारो वेदों का ज्ञान श्रावणी के दिन मिलो यह सच नहीं, चारो वेदोंका ज्ञान तो सृष्टि के प्रारंभ में चार ऋषियों द्वारा प्राप्त हुओ श्रावण का अर्थ जिसमे सुना जायें अब सुना किसे जाय? जो सबसे महत्वपूर्ण है, ईश्वरीय वेद ज्ञान है, ईश्वर को प्राप्त करने के लिये, वर्षा ऋतू अनुकूल माना गयों ज्ञान प्राप्त करके मनुष्य अपनी आध्यात्मिक उन्नती करके, स्वाध्याय से मन को शुद्ध पवित्र करें, परमात्मा से एकरुप हो मोक्ष मार्ग पर अग्रेसर हो, क्यों कि मनुष्य जन्म में ही यह हो सकता है, और यही जन्म सबसे श्रेष्ठ है, वर्षा ऋतू में कीट, पतंग, मच्छर का फैलाव अधिक होता है, रोग बीमारी बढती है, अग्निहोत्र करने से बिमारी को रोका जाता हैं इसलिए जब-जब इस पृथ्वी पर घर-घर हवन होता था, लोग रोगों से रहित व सुखों से पूरित थे, पिढी-दर-पिढी जो मंत्र पठण करने वाले ब्राह्मण है उनका भी संरक्षण होता था। पर्यावरण के संरक्षण के लिये यह वैज्ञानिक पक्ष रक्षा के रुप में है, विद्वानों को घर-घर बुलाकर उपदेश सुने, क्योंकि गृहस्थ ही चारो आश्रमों का पालनकर्ता, आश्रय दाता है वैदिक ज्ञान का समाज मे प्रबोधन हो, जीवन उन्नत बनाने के लिये ज्ञान आवशयक और महत्वपूर्ण है, श्रावणी पर्व में स्वाध्याय को ही प्राथमिकता दी गयी है, इस मास की पौर्णिमा का महत्त्व गृह सूत्र में लिखा है, शतपथ ब्राह्मण में स्वाध्याय की प्रशंसा मे लिखा है कि स्वाध्याय करने वाला युक्त-मना होता है, सुख की नींद सोता है, इंद्रियों का संयम, मन की एकाग्रता के लिये सहायक होता है, प्रज्ञा की अभिवृद्धी होती हैं वर्षा काल में मेंढक बोलने लगते हैं, एक की बोली को दुसरा दोहराता है, यह उपमा वेद पाठी ब्राह्मण के लिये दी गयी है और इस प्रकार दोहराने से वेद विद्या जीवित रहती है, और रहेगी 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' अर्थात स्वाध्याय करने में कभी भी प्रमाद, आलस्य ना करें, चारो आश्रम में स्वाध्याय अनिवार्य है बताया, ब्रह्मचर्य में ज्ञान ग्रहण कर के ज्ञानी बने, विचारवान बने, गृहस्थ में भी स्वाध्याय करके ईश्वर समर्पित निष्काम कर्म करने की प्रेरणा दी जाती है, वानप्रस्थी का भी प्रधान कर्म स्वाध्याय और तप है, संन्यास में स्वाध्याय के साथ ज्ञान दान प्रमुख कार्य है, जैसे शरीर का अन्न से भरण पोषण और उन्नती होती है, उसी तरह स्वाध्याय का सातत्य ही मनुष्य को पारदर्शी और आत्मज्ञानी होने में सहायक होता है, मनुस्मृती में कहा है 'स्वाध्यायेनर्चयेतर्षीन होमैर्देवान यथाविधि पितृन श्राद्धैश्च नृनन्नः भूतानि बलिकर्मणा' मनु. अ.3 श्लोक 71 'स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्याहैवे चैवेह कर्माणि' मनु. अ. 3- श्लोक 75। स्वाध्याय से ऋषियों की, होम से देवों की, श्रद्धा से पितरों की, अन्न से नर की, बलि कर्म से प्राणियों की यथा विधि पूजा करें। इस श्रावण मास में, वर्षा ऋतू में कृषि जो मुख्य कार्य है, किसान पूर्ण करके अवकाश प्राप्त करता है। कहा भी है 'उत्तम कृषि, मध्यम व्यापार और कनिष्ठ नोकरी' क्षत्रीय और वैशय के कामों मे शिथिलता आती है और विद्वान, संन्यासी भी वर्षा के कारण अपना एकान्त स्थल छोडकर अपने ज्ञान का जन सामान्य को लाभ पहूंचाने नगर गावों में आते हैं वेद पठन पाठन, ज्ञान ग्रहण, ईश्वर, जीव, प्रकृति, मैं कौन हूं, मुझे करता करना है, आत्मा परमात्मा, इत्यादि को जानकर अपने को धन्य समजते थें गुरुकुलों में उपाकर्म और उत्सर्जन होता थो उपाकर्म विद्या आरंभ की तिथि और उत्सर्जन गुरुकुल के सत्र समाप्ति की तिथि होती थीं और एक प्रमुख संस्कार, उपाकर्म, यज्ञोपवीत बदलने का भी होता हैं यज्ञोपवीत के तीन धागे कहते हैं कि हे मनुष्य, तुम्हारी उन्नती तीन की सहाय्यता से होती है, ईश्वर का अर्थात देव ऋण, माता पिता का अर्थात पितृ ऋण और गुरु अर्थात ऋषि ऋण से उऋण होने से होगी। स्वयं को इन तीनों के ऋण में रह कर अपने आप को व्रतों का पालन और अनूशासन में रहने के लिये प्रतिज्ञा बद्ध होता है, यही व्रतबंध है। ऐसी मान्यता है कि सावन में प्याज, लहसून और बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। इसलिए भगवान शिव के उपासकों को सावन महीने में इनका सेवन नहीं करना चाहिए। इसी दिन याजक और यजमान दाहिने हाथ में रक्षासूत्र (राखी) बांधते हैं। राजपूतों में पुराने काल से यह प्रथा चल पडी, अबला महिला अपने रक्षण के लिये किसी सबल वीर को अपना भाई मानकर यह सूत्र बांधती थी और यह प्रथा भाई बहन के वात्सल्य को दृढ करने के लिये चल पडी। आज आपने पंतप्रधान दीपावली का पर्व हमारी सेना के बीच में जा कर मनाते है। सेना का मनोधैर्य सबल करने के हेतु से। समय समय पर यह पर्व मनुष्य मात्र का उत्साह बढाते हुए परिवार समाज, राष्ट्र में एकता का संदेश दे कर उन का हौसला बढाते हैं। इस प्रकार पर्व मनाने का मूल उद्देश यह है कि मनुष्य की शारीरिक, आत्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय उन्नती हो, आपसी में प्रेम का संचार हो और जीवन सफल हो।

# मोदी से इतनी नफरत क्यों करता है पश्चिमी मीडिया?



प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने दोनों कार्यकालों में पश्चिमी नेताओं के साथ अब तक के सबसे अच्छे संबंध रहे हैं। लेकिन पश्चिमी मीडिया के साथ ऐसा नहीं है, जिसने उन्हें 'ताकतवर' से लेकर 'तानाशाह' तक, कई तरह के शब्दों से संबोधित किया है। अब जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों के अंतिम परिणाम आ चुके हैं और नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, तब पश्चिमी मीडिया द्वारा फैलाए गए भारत-विरोधी और मोदी-विरोधी एजेंडे का त्वरित मूल्यांकन करना जरूरी हो जाता है।

भारत ने लोकसभा चुनावों के दौरान विदेशी पर्यवेक्षकों को भारतीय चुनावी प्रक्रिया देखने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन पश्चिमी मीडिया ने मोदी सरकार पर अल्पसंख्यकों के प्रति "घृणा" से भरे "हिंदुत्व" के एजेंडे को आगे बढ़ाने का अपना सामान्य बयान जारी रखा। दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट्स में मोदी सरकार की विभिन्न मामलों में कड़ी आलोचना की गई है और विपक्ष को पीड़ित के रूप में पेश किया गया है।

पत्रकारिता का नियम है कि संतुलित रिपोर्टिंग में सभी पक्षों के तथ्य और सभी पक्षों के बयानों को समान रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। लेकिन चाहे वह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी का मुद्दा हो या प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव प्रचार भाषण का मुद्दा, जिसमें उन्होंने विपक्षी कांग्रेस पर भारत के नागरिकों के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया था, पश्चिमी मीडिया कवरेज ने पूरे परिदृश्य को विकृत किया और बिना किसी पर्याप्त संदर्भ और दूसरे पक्ष के किसी भी दृष्टिकोण को शामिल किए पक्षपातपूर्ण और एकतरफा बयान जारी किये।

### पूर्वाग्रह से ग्रसित पत्रकारिता

इसका सबसे बड़ा उदाहरण है ब्रिटिश दैनिक समाचार पत्र 'द गार्जियन' की 2024 के लोकसभा चुनाव कवरेज की कुछ सुर्खियां, जिसमें उन्होंने भारतीय चुनावों को कवर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से रिपोर्ट प्रकाशित की। आइये 'द गार्जियन' में प्रकाशित लेखों के कुछ शीर्षकों पर नजर डालते हैं- "भारत में चुनाव पूरे जोरों पर हैं, नरेंद्र मोदी हताश-और खतरनाक होते जा रहे हैं", "पीएम नरेंद्र मोदी का दावा है कि उन्हें भगवान ने चुना है", भारतीय चुनाव पर द गार्जियन का दृष्टिकोणः नरेंद्र मोदी बने नफरत के सौदागर", "चुनावी कानूनों की धज्जियां उड़ाई गईं, विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया झ मोदी की भाजपा के खिलाफ खड़े होने का परिणाम", "'मोदी राजमार्ग बनाते हैं लेकिन नौकरियां कहां हैं?': भारत के चुनाव पर बढ़ती असमानता"।

इनमें से कुछ हेडलाइनें 'द गार्जियन' जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशन से नहीं, बल्कि एक सस्ते टैब्लॉयड से सीधे निकली हुई लगती हैं। अत्यधिक पूर्वाग्रह से ग्रसित ये हेडलाइनें शायद किसी सनसनीखेज थ्रिलर के कवर पर या किसी मेलोड्रामैटिक सोप ओपेरा के पंचलाइन के रूप में अधिक उपयुक्त लगेंगी। आप पहला लेख देखें, "भारत में चुनाव पूरे जोरों पर हैं, नरेंद्र मोदी हताश-और खतरनाक होते जा रहे हैं"। यह लेख सलिल त्रिपाठी द्वारा लिखा गया है, जिनका गलत सूचना फैलाने और भारत विरोधी प्रचार करने का इतिहास रहा है। वे ढएठ इंटरनेशनल राइटर्स इन प्रिज़न कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। उनका यह लेख 2002 के गोधरा दंगों के लिए भारतीय प्रधानमंत्री को दोषी ठहराने की सामान्य कथा से शुरू होता है और उन्हें अपराधी के रूप में चित्रित करता है। त्रिपाठी अपनी सुविधा के अनुसार इस प्रमुख कथा से चिपके रहते हैं और सफेद झूठ का प्रचार करते हैं। वह यह उल्लेख करने की भी परवाह नहीं करते कि भारतीय प्रधानमंत्री को 2002 के गोधरा नरसंहार के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी आरोपों से बहुत पहले ही बरी कर दिया गया है। जाहिर है, लेखक यह सब नहीं बताएगा क्योंकि यह उसकी शातिर कथा के अनुकूल नहीं है। लेख का बाकी हिस्सा हमेशा की तरह मोदी की "हिंदुत्व" वाली राजनीति के बारे में ही चर्चा करता है। लेखक के अनुसार, मोदी की राजनीति खतरनाक और स्पष्ट रूप से विभाजनकारी है। मोदी के भाषण की तीव्रता से पता चलता है कि सत्ता में 10 साल रहने के बाद, उनकी सरकार के पास कोई तरकीब नहीं बची है और वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भाजपा के मुख्य मतदाता उनका साथ न छोड़ें।

### चुनाव आयोग पर प्रहार

'द गार्जियन' के अलावा जर्मन ब्रॉडकास्टर 'डॉयचे वेले' भी अपने इसी एजेंडे में लगा हुआ है। 'डॉयचे वेले' ने हाल ही में एक लेख प्रकाशित किया, जिसका शीर्षक था, "क्या भारत का चुनाव आयोग मोदी के खिलाफ शक्तिहीन है?" यह लेख भी प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी भाषण पर केंद्रित है। लेख में उनके भाषण को सनसनीखेज बनाने की कोशिश की गई है, जिसमें कहा गया है कि उनके शब्द इस्लामोफोबिया में डूबे हुए थे। लेकिन जाने अनजाने में लेखक ने इस लेख में ऐसे तथ्य भी प्रस्तुत कर दिये, जो दिखाते हैं कि मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सबसे अधिक योजनाएँ चलाई हैं। लेख में सुविधाजनक रूप से उस संदर्भ को भी छोड़ दिया गया है, जिसमें मोदी ने टिप्पणी की थी कि धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान करना भारतीय संविधान की भावना और प्रावधानों के विरुद्ध है। लेख में इस बात पर बहस की जा सकती थी कि क्या धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान करना वास्तव में भारतीय संविधान की मूल बातों के विरुद्ध है, या इसके लिए कोई जगह है? लेकिन इस तरह के काम के लिए गहन शोध की आवश्यकता होती है और कम से कम यहाँ 'डॉयचे वेले' का इरादा निष्पक्ष समाचार रिपोर्टों के बजाय पक्षपाती और इमोशनल क्लिकबेट कहानियों को जगह देना था। लेख में भारत के चुनाव आयोग को एक "निष्क्रिय दर्शक" भी कहा गया है और किसी तरह यह स्थापित करने के लिए अज्ञात स्रोतों का हवाला दिया गया है कि चुनाव आयोग "एक पार्टी" के प्रति पक्षपाती है। देश के चुनाव आयोग के खिलाफ चुनावों के बीच में बिना किसी सबूत के और अज्ञात स्रोतों द्वारा दिए गए सामान्यीकृत बयानों के आधार पर आकस्मिक आरोप लगाना क्या वाकई में पत्रकारिता है। हालाँकि, ऐसा लगता है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने और भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का एक बहुत ही सूक्ष्म प्रयास है।

### नैरेटिव के अनुकूल खबरें

इसी तरह 'सीएनएन' भी मोदीफोबिया के रथ पर सवार होकर यह लेख लिखता है कि "भारत का चुनाव अभियान नकारात्मक हो गया है क्योंकि मोदी और सत्तारूढ़ पार्टी इस्लामोफोबिया की बयानबाजी को अपना रहे हैं"। लेकिन, इनमें से एक भी मीडिया आउटलेट महिलाओं के खिलाफ भयानक संदेशखली हिंसा, या टीएमसी के लोगों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की बेरहमी से हत्या, या भाजपा की नूपुर शर्मा की टिप्पणियों का समर्थन करने के लिए कन्हैया कुमार की बेरहमी से हत्या जैसे मुद्दों पर बात नहीं करता। 'द गार्जियन', 'डॉयचे वेले', 'सीएनएन' आदि जैसे मीडिया आउटलेट इन मुद्दों को कवर नहीं करते, क्योंकि ये उनके नैरेटिव के अनुकूल नहीं हैं, लेकिन कुछ मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण कवरेज करके भारत विरोधी प्रचार जरूर करते हैं।

इसी कड़ी में फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा, 'लोकतंत्र की जननी की हालत अच्छी नहीं है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने तो 'मोदी का झूठ का मंदिर' बताया, जबकि फ्रांस के प्रमुख अखबार ले मॉन्द ने लिखा, 'भारत में केवल नाम का लोकतंत्र है।' अमेरिकी न्यूज चैनल 'फॉक्स' ने 20 मई को लिखा, 'अयोध्या में अल्पसंख्यकों को लगातार डराया जा रहा है।' 'सीएनबीसी' ने चुनाव को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है, वहीं 'सीबीएस' टेलीविजन नेटवर्क ने मोदी के चुनाव प्रचार को अल्पसंख्यक विरोधी बताया है।

### भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास

जब लगभग सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन भारत की आलोचना कर रहे थे, तो नई दिल्ली स्थित विदेशी संवाददाता भी उसमें शामिल हो गए। आस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख अवनी डायस ने यह दावा करते हुए भारत छोड़ दिया कि उन्हें वीजा नहीं मिला और चुनाव कवरेज का मौका नहीं दिया गया। हालांकि ऐसा नहीं था, उनकी वीजा अवधि 18 अप्रैल, 2024 को समाप्त हो गई थी। वीजा बढ़ाने के लिए उन्होंने न तो फीस भरी थी और न अन्य औपचारिकताएं ही पूरी की थीं। बावजूद इसके अवनी ने भ्रामक बयान दिया। इसके बाद वह वापस लौटी तो 'द आस्ट्रेलिया टुडे' ने एक रिपोर्ट में लिखा कि अवनी ने अपनी नई नौकरी और शादी के लिए भारत छोड़ा था।

जाहिर है अवनी झूठ बोल रही थी। उनका मकसद रिपोर्टिंग करना नहीं, बल्कि सरकार की छवि को बिगाड़ना था। इस घटना के तत्काल बाद 30 विदेशी पत्रकारों ने संयुक्त बयान जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि, "भारत में विदेशी पत्रकार, विदेशी नागरिक का दर्जा रखने वाले वीजा और पत्रकारिता परमिट पर बढ़ते प्रतिबंधों से जूझ रहे हैं।" दरअसल पश्चिमी मीडिया की ज्यादातर कोशिश यही रहती है कि वह भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप पर फर्जी खबरें तैयार भारत की छवि को धूमिल कर सकें।

पश्चिमी मीडिया का मोदीफोबिया अंतहीन है। वह लगातार भारत के खिलाफ नकारात्मक एजेंडा चलाता रहता है। दरअसल पश्चिम की यह लॉबी अभी भी भारत की आर्थिक प्रगति को स्वीकार नहीं कर पा रही है। इसलिए हर स्तर पर देश को अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हैं। इस बार के चुनावों में भी योजनाबद्ध तरीके से ऐसा ही किया गया, लेकिन देश के लोगों ने भाजपा और राजग पर भरोसा दिखाया और इस साजिश को सफल नहीं होने दिया।

**(पूर्व महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली।)**

# अमानवीयता : बंगलादेश में हिन्दू समुदाय पर बढ़ते हमले!



मनोज कुमार अग्रवाल

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ गया है। हिंदू समुदाय के लोगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है साथ ही उनके धार्मिक स्थलों पर भी हमले किए जा रहे हैं। लोगों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। हिन्दू नाबालिग लड़कियों को अगुआ कर निकाह की वारदातों की झड़ी लगी है। हिन्दू मंदिरों और रिहायशी बस्तियों पर चरमपंथियों के हमले होना आम बात है। इस सब दमनकारी वारदातों में बंग्लादेश पुलिस और प्रशासन कारवाई के नाम पर सिर्फ लकीर पीटने का काम करता रहा है जिसके चलते कट्टरपंथियों के हौसले बुलंद है और अल्पसंख्यकों खासकर हिन्दू अल्पसंख्यकों का जीवन एक रिपोर्ट की माने तो पिछले एक साल में करीब एक हजार से ज्यादा ऐसे मामले आए हैं जहां अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है, वहीं हिंसा में 45 लोगों की मौत हुई है। यह वही बंग्लादेश है जो 1971 के 'मुक्ति संग्राम' में पाकिस्तान की हार के बाद अस्तित्व में आया था। लेकिन बंगलादेश में भी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा पाकिस्तान की भांति ही अल्पसंख्यक हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हिंसा जारी है। एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले सिर्फ एक साल में एक हजार से ज्यादा ऐसे मामले आए हैं जहां अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है, वहीं हिंसा में 45 लोगों की मौत हुई है। बांग्लादेश हिंदू, बुद्धिस्ट, क्रिश्चियन ओइक्या परिषद ने एक रिपोर्ट पेश की जिसमें ये चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इन्हीं सबको लेकर 12 जुलाई को ढाका नेशनल प्रेस क्लब के सामने हिंदुओं के कुछ समूह ने प्रदर्शन भी किया। बंग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें किस तरह नफरत की फसल तैयार करने में लगीं है इस का अंदाजा पिछले कुछ दिनों में सामने आई निम्न घटनाओं से लगाया जा सकता है। 16 फरवरी, 2024 को 'ब्राह्मणबारिया' जिले के 'पाइकपारा' इलाके में कुछ बदमाशों ने सरस्वती पूजा पंडाल पर हमला करके मूर्ति को तोड़ दिया तथा शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की इसी दिन 'दिनाजपुर' जिले में एक विश्वविद्यालय में कुछ मुस्लिम छात्रों ने सरस्वती पूजा के मंडप में तोड़फोड़ की तथा एक अन्य घटना में 'पिरोजपुर' जिले में कुछ उपद्रवियों ने हिंदुओं के कई मकानों को आग लगा दी। वहीं 8 फरवरी को 'मौलवी बाजार' शहर में स्थित काली मंदिर की मूर्तियां तोड़ी गई और आभूषण चुरा लिए गए। 3 मार्च को कट्टरपंथी तत्व गोपालगंज में एक महिला पुजारी की हत्या करने के बाद देवी के मंदिर से सोना और गहने लूट कर ले गए। 22 मार्च को 'सिराजगंज' में उपद्रवी तत्वों द्वारा 'काली मंदिर' पर हमला करके कई मूर्तियां तोड़ दी गई। 17 अप्रैल को 'बरीसल' में 'राधा-गोबिंद सेवाश्रम मंदिर' पर हमला करके तोड़-फोड़ की गई।23 अप्रैल को ढाका के निकट 'फरीदपुर' के 'पंचपल्ली काली मंदिर' में उपद्रवी तत्वों ने देवी की साड़ी में आग लगा दी। 21 मई को 'मागुरा' शहर में स्थित मंदिर में तोड़फोड़ करने के बाद मंदिर तथा कुछ मकानों को आग लगाकर जला दिया गया। 26 मई को एक हिन्दू छात्र उत्सव कुमार 'ज्ञान' को ईश निंदा के आरोप में मुस्लिम भीड़ ने पकड़ कर बेरहमी से पीटा जिससे वह बेहोश हो गया। 10 जुलाई को हिन्दुओं पर हमले की नवीनतम घटना राजधानी ढाका की हिन्दू बहुल 'मीरांजिला कालोनी' में हुई जहां सत्तारूढ़ अवामी लीग के गुंडों ने हिन्दुओं के अनेक मकानों और मंदिर को क्षति पहुंचाने के अलावा कालोनी में रहने वाले हिन्दुओं पर हमला करके 60 से अधिक लोगों को घायल कर दिया जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। उपद्रवी तत्वों ने यह हमला उस समय किया जब अल्पसंख्यक हिन्दुओं के पुनर्वास के लिए ढाका में बनाई गई समिति के सदस्यों ने कालोनी का दौरा किया। इसका विरोध कर रहे स्थानीय मुसलमानों के एक वर्ग ने हिन्दुओं पर जबरदस्त पत्थरबाजी शुरू कर दी और उनके मकानों तथा मंदिर को तहस-नहस कर दिया।

बंगलादेश में इसी वर्ष 7 जनवरी को हुए आम चुनावों के बाद वहां रहने वाले हिन्दुओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' को वोट दिया था ताकि वे देश में सुरक्षित और शांतिपूर्वक रह सकें। परंतु शेख हसीना सरकार अल्पसंख्यकों पर हमले रोकने में नाकाम रही है। अल्पसंख्यक संगठनों का दावा है कि उनके सदस्यों पर हर माह कम से कम 3 हमले हो रहे हैं। यही नहीं, इसी वर्ष 24 जनवरी से बंगलादेश में कुछ एक्टीविस्ट समूहों व विरोधी दलों द्वारा 'इंडिया आऊट' अभियान भी शुरू करके भारतीय वस्तुओं के बहिष्कार तथा हिन्दू और मुसलमानों के संबंध बिगाड़ने की कोशिशें शुरू कर दी गई हैं।


इस तरह के हालात के बीच बंगलादेश में हिंदुओं की आबादी घट रही है। अमरीका की 'अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट' के अनुसार 2022 में देश की 165.7 मिलियन आबादी में 91 प्रतिशत मुस्लिम तथा 9 प्रतिशत हिंदू रह गए हैं जबकि 2011 में 89 प्रतिशत मुस्लिम तथा 10 प्रतिशत हिंदू थे। भारत सरकार को यह मामला गंभीरता पूर्वक बंगलादेश की शेख हसीना सरकार के सामने उठाना चाहिए जिसके साथ हमारे अच्छे सम्बन्ध हैं।

बांग्लादेश के हिंदू एक्टिविस्ट डॉ गोबिन्दा चंद्र प्रामाणिक ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू ख़तरे में हैं, और सरकार चुप है.यहां 70% मामले भूजिहाद से संबंधित हैं। हिन्दुओं को जबरन अवैध बेदखली के 47 मामले सामने आए हैं जबकि मंदिरों पर हमले की 94 घटनाएं सामने आई हैं और 40 मूर्तियां तोड़ी गई। दर्जनों हिंदू लड़कियों का अपहरण कर धर्म परिवर्तन कराया गया। 25 हिंदू लड़कियों के साथ बलात्कार/सामूहिक बलात्कार किया गया। पीड़ितों में से ज्यादातर नाबालिग थीं। 45 हिंदुओं की हत्या कर दी गई। जबकि 36 हिंदुओं को हत्या की धमकी देने के आरोप है। विभिन्न हमलों में 479 हिंदू घायल हुए हैं। अमीर हिंदू बिजनेसमैन से जबरन वसूली के 11 मामले सामने आए हैं वहीं काल्पनिक ईशनिंदा के आरोप में 8 हिंदू गिरफ्तार किया गया। ये आंकड़े बताते हैं कि बंग्लादेश में हिन्दुओं के साथ कितना अत्याचार और दमन किया जा रहा है।

आपको पता हो कि मुस्लिम देश होने के बावजूद बंगलादेश के लोगों पर अविभाजित भारत की बंगला संस्कृति का प्रभाव है तथा इस देश ने अनेक राष्ट्र भक्त और क्रांतिकारी व देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण क्रांतिकारी कवि और साहित्यकार दिए हैं। ऐसे में बंगलादेश में उग्रवादी तत्वों का उभार चिंता का विषय है। यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई गई तो बंगलादेश में कट्टरपंथी तत्वों के और अधिक प्रभावी होने और वहां का सामाजिक सद्भाव को नष्ट करने की आशंका बढ़ जाती है। भारत सरकार को गंभीरता से सख्त संदेश देना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# पहला अध्यापक : शिक्षक के प्रति श्रद्धा, संवेदना एवं सम्मान जगाती कृति



प्रमोद दीक्षित मलय

पुस्तक 'पहला अध्यापक' शिक्षा पर केंद्रित उन तमाम महत्वपूर्ण कृतियों में से एक है जो पाठकों के सामने न केवल व्यक्ति के जीवन में शिक्षा के महत्व एवं भूमिका का सम्यक चित्र उपस्थित करती हैं बल्कि अशिक्षा के कुहासे की चादर ओढ़े सोये पड़े समाज को झकझोर कर जगाती भी है। यह पुस्तक तत्कालीन सोवियत रूस के सामाजिक ताने-बाने, कुप्रथा-परम्पराओं एवं रिवाजों की सीली परतें खोलते हुए सूखी उर्वर जमीन का दृढ आधार भी तैयार करती है जिस पर करुणा, समता, न्याय, बंधुत्व एवं परस्पर विश्वासयुक्त मानवीय मूल्यों से सुवासित भव्य भवन निर्मित किया जाना सहज सम्भव है। यह कथा अशिक्षा के दलदल में आंकठ धंसे श्रमजीवी कृषकों की हथेलियों में शिक्षा का सूरज धर प्रगति की नवल राह दिखाती पहले अध्यापक के प्रति श्रद्धा, संवेदना, सम्मान एवं पावन प्रेम के पुण्य स्मरण एवं समर्पण का जीवन्त मोहक आख्यान है।

पहला अध्यापक मूलरुप से रुसी भाषा में चिंगिज ऐटमाटोव लिखित 'दुईशेन' का भीष्म साहनी कृत हिंदी अनुवाद है, जो राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। 69 पृष्ठों में बिखरी कथा में अशिक्षा, अंधविश्वास एवं कुप्रथाओं में जकड़े रूसी ग्रामीण समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए एक युवा कम्युनिस्ट लीग सदस्य के संघर्ष, श्रम, जिजीविषा, लगन से शिक्षा के स्वप्न के साकार करने की रोचक दास्तान है। अनपढ़ ठंढे पहाड़ी गांव कुरकुरेव के लोगों की अज्ञानता से जूझते हुए दुइशेन का संघर्ष दरअसल ज्ञान की सर्जना का संघर्ष है। उसका परिश्रम अंधेरे के कृष्ण फलक में उजाले की सुनहरी रेख खींचने का संकल्पित प्रयास है। तभी तो वह बच्चों सें कहता हैं, "काश कि तुम जानते बच्चो, कैसा उज्वल भविष्य तुम्हारी राह देख रहा है।" तो वहीं छात्रा आल्तीनाई द्वारा अपने पहले अध्यापक दुइशेन के प्रति व्यक्त कृतज्ञता का प्रदर्शन भी है। एक ऐसे अध्यापक के प्रति जो स्वयं ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं हैं, शिक्षण के तौर तरीके नहीं जानता, और न ही अध्यापन-कर्म का कहीं विधिवत प्रशिक्षण ही प्राप्त किया है। पर वह जीवन में शिक्षा के महत्व से सर्वथा परिचित है। आल्तीनाई कहती है, "मैं आज भी सोचती हूं और हैरान हो जाती हूं कि वह अर्ध शिक्षित युवक जो मुश्किल से अक्षर जोड-जोड़ कर पढ़ता था, जिसके पास एक भी पाठ्यपुस्तक न थी यहां तक कि वर्णमाला की भी पुस्तक तक न थी, कैसे एक ऐसे काम को हाथ में लेने का साहस कर पाया जो वास्तव में महान था।"

पुस्तक में मुख्यतः तीन पात्र हैं। शिक्षक दुइशेन, शिक्षार्थी आल्तीनाई सुलैमानोव्ना और सूत्रधार के रूप में कथा को पाठकों तक पहुंचाने का काम करने वाला स्वयं लेखक। पुस्तक में जीवन के विविध रंग समाहित हैं। अगर उत्कट पवित्र प्रेम एवं त्याग का निर्झर मधुर निनाद कलरव कर रहा है तो घृणा, हिंसा, क्रोध एवं लालच की लू-लपटें मन झुलसाती हैं। जहां रिश्तों की गरमाहट, मधुरता एवं संवेदनशीलता मुखर होकर प्रकट हुई है वहीं निष्ठुरता, प्रताड़ना, अमानवीयता, अपमान एवं यौन हिंसा की एक क्षुद्र काली धारा भी प्रवाहित है। बच्चों की शिक्षा के प्रति शिक्षक दुईशेन का जुनून भरा एकल प्रयास पाठक के हृदय में घर कर जाता है। तो वहीं समुदाय का असहयोग, उपेक्षा, उपहास एवं तिरस्कार मन क्षुब्ध करता है। पुस्तक शिक्षा पर केंद्रित होकर भी अन्य मुद्दों की बंद चौहद्दी में तमाम खिड़कियां खोलती है ताकि बदलाव की बयार का शीतल झोंका भीतर आ सके। पुस्तक समाज में औरतों की कमतरी एवं पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचना को रेखांकित कर बाल विवाह का विद्रूप चेहरा भी उभारती है। एक अनाथ लड़की के प्रति उसके चाचा-चाची के क्रूर कटुतापूर्ण बर्ताव पाठक की आंखें न केवल पनीली करते हैं बल्कि सम्पूर्ण भारतीय उप महाद्वपीय क्षेत्र के सामाजिक ढांचे से जोड़ता भी है। एक पत्नी के बावजूद दूसरी पत्नी (तोकोल) लाने या रखैल बनाकर रखने के सामाजिक चलन को इंगित करते दृश्य पाठक के मन को कषैला करते हैं।



**कृति : पहला अध्यापक**

**मूल लेखक : चिंगिज ऐटमाटोव**

**रूसी से हिंदी अनुवाद : भीष्म साहनी**

**पृष्ठ : 69**

**मूल्य : 55/-**

**प्रकाशक : नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली**

पुस्तक की कथावस्तु की चर्चा करूं तो कथा का नायक दुइशेन अपनें गांव कुरकुरेव में स्कूल खोलने हेतु समुदाय की सभा में प्रस्ताव रखता है लेकिन कोई उसके साथ नहीं आता है। सब कहते हैं, "हम किसान हैं, मेहनत करके जिंदगी बसर करते हैं, हमारी कुदालें हमें रोटी देती हैं, हमारे बच्चे भी इसी तरह बसर करेंगे। उन्हें पढ़ने-लिखने की कोई जरूरत नहीं हैं। पढाई की जरूरत होती है अफसरों- अधिकारियों को। हम तो सीधे-सादे लोग हैं, हमें उल्टे-सीधे फेर में नहीं डालो।" तब वह सवाल करता है, "क्या सचमुच आप लोग बच्चों की तालीम के खिलाफ हैं।" और फिर वह सोवियत सत्ता का मुहर लगा एक पत्र निकालता है और तब सभा शान्त हो जाती है पर सहमत एवं सहयोगी नहीं। खंडकर हो चुके एक बाड़े की झाडियों को काट आंगन साफ कर स्कूल बन जाने के बाद एक सुबह वह बच्चों को एकत्र करने गांव में पहुंच हर दरवाजे पर दस्तक देता हैं। वास्तव में यह दस्तक अशिक्षित समाज की ड्योढी पर उजाले की दस्तक है। तमाम बच्चों को साथ लेता हुआ वह अंत में आल्तानाई के घर पहुंचता है जहां उसकी चाची से तीखा प्रतिवाद होता है जो बालिकाओं की शिक्षा के सख्त खिलाफ है। आखिर चाचा के हस्तक्षेप से आल्तीनाई दुइशेन के साथ स्कूल जाती है जहां प्रत्येक बच्चे को एक-एक कापी, पेंसिल और तख्ती बांटी जाती है। स्कूल में बच्चे पहली बार तमाम नये शब्दों और उनके अर्थो से परिचित होते हैं। वहीं लेनिन का चित्र भी देखते हैं। कथा आगे तमाम उतार-चढ़ावों के साथ बढ़ती है जिसमें चाची द्वारा आल्तानाई का एक बंजारे के हाथ सौदा कर स्कूल से जबरिया उठवा देना, शिक्षक दुइशेन का लठैतों से संघर्ष और सरकार की मदद से लड़की को बंजारे के चंगुल से मुक्त करवा उच्च शिक्षा हेतु मास्को भेजना जहां आल्तीनाई पढ़-लिखकर दर्शनशास्त्र की प्रोफेसर बन जती है। और एक दिन वह अपने गांव के सामूहिक फार्म के स्कूल के उद्घाटन में जाती है जहां ग्रामीणों की बातचीत से पता चलता है कि अभी स्कूल के पुराने छात्रों के तार का पुलिन्दा सौंप जाने वाला डाकिया दुइशेन ही है। शाम को उद्विग्न मन वह शहर लौट गयी और कुछ समय बाद लेखक को पत्र लिखा कि उसे उन तमाम लोगों तक पहुंचायें जो दुइशेन स्कूल को जानना चाहते हैं। सूत्रधार लेखक यहीं पर विराम लेता है।

पुस्तक का मुद्रण ठीक है। आवरण आकर्षक है। संवाद छोटे एवं रुचिपूर्ण हैं। भाषा सरल एव प्रवाहमय है। सैबाल चटर्जी के बनाये रेखांकन कथा को अर्थ विस्तार देते हैं। कुछ जगह वर्तनीगत अशुद्धियां खटकती हैं। जैसे विदेशों, अनेकों एवं शब्दकोष शब्द जिन्हें विदेश, अनेक एवं शब्दकोश होना चाहिए था। पुस्तक पठनीय है, खासकर शिक्षकों एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता के पास यह किताब होनी चाहिए। पुस्तक पढ़ते हुए पाठक अपने परिवेशीय शिक्षकों में दुइशेन की छवि गढ़ने लगते है। यही पुस्तक की सफलता है।

**(लेखक शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक हैं और विद्यालयों को आनंदघर बनाने के अभियान पर हैं।)**

महिला से अभद्रता और धमका कर निंदनीय एवं कुत्सित वारदात को दिया था

# भट्टा बस्ती पुलिस थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई ने अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास को जमीनी स्तर पर किया चरितार्थ

## नंगे पांव, शर्म से झुकें चेहरे और फटें कपड़ों में बदमाशों की उन्हीं रास्तों से करायीं परेड जहां फैलायीं थी उन्होंने दहशत

चमकता राजस्थान







जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के जयपुर उत्तर के पुलिस थाना भट्टा बस्ती जयपुर के थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई ने अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास को जमीनी स्तर पर चरितार्थ करते हुए बदमाशों को नंगे पांव तथा उनके शर्म से झुकें हुए चेहरे और फटें कपड़ों में की उन्हीं रास्तों से करायीं परेड जहां उन्होंने दहशत फैलाकर महिला से अभद्रता और धमकाने का निंदनीय - कुत्सित प्रयास किया था उल्लेखनीय है कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर पुलिस थाने भट्टा बस्ती जयपुर ने 3 बदमाशों को अनोखे अंदाज में नंगे पैर परेड कराई है. इनमें से 2 हिस्ट्रीशीटर है और तीसरा नौसिखिया बदमाश है. पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मोहित उमरवाल, अजय नायक और अक्षय शर्मा है. आरोपी मोहित और अजय हिस्ट्रीशीटर हैं, जिन पर लूट और मारपीट जैसे करीब दो दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं.पुलिस थाना भटटा बस्ती की कार्यवाही संगठीत व थानो के 02 हिस्ट्रशीटो के द्वारा शिवाजीनगर मे दहशत फैलाने व मारपीट कर औरतो के साथ छेडछाड तथा बीच बचाव मे आये लोग औरतो व बच्चो के साथ वारदात करने के 2 हिस्ट्रशीट्रो सहित 03 आरोपी गिरफ्तार किया प्रकरण के हिस्ट्रशीट आरोपियो द्वारा

### बीच बचाव मे आये लोग औरतो व बच्चो के साथ घटना करने के 2 हिस्ट्रशीट्रो एवं एक नौशिकीये सहित 03 आरोपी गिरफ़्तार

घटना में पीडित पक्ष व प्रत्यक्षदर्शी गवाहन को गवाही देने से दुबारा वारदात को अंजाम देने की धमकी देकर दहशत फैलाकर गवाहान को रोकने का प्रयास कर रहे है। जिनके खिलाफ कोई रिपोर्ट करने व बयाने देने से भी कतरा रहे है।उक्त दोनो हिस्दशीट अपराधीयो के विरुध एक साथ वारदात को अजांम देने के दर्जनो प्रकरण दर्ज है। प्रकरण के आरोपी मोहित उमरवाल द्वारा मुस्तगीसा पर दबाव बनाने व अपने प्रभाव मे लेने के उदेश्य से अनुसूचित जाति का प्रकरण दर्ज करवाया गया है।दिनांक 11-07-2024 को परिवादिया राधा देवी के घर पर एचएस आरोपियो द्वारा सगंठीत रुप से हथियार लेकर परिवादिया के घर पर पहुंच कर एलानिया धमकिया देते हुये बाहर निकलने पर मारपीट करना तथा मोहल्ले के लोग द्वारा बीच बचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट करना तथा प्रकरण की मुस्तगीसा के बलाउज फाडकर अपमानीत करना तथा छेडछाड जैसी घटना को अंजान देना तथा घर के सामने खडी स्कुटी को बुरी तरह से क्षतिगस्त करना तथा दहशत फैलाने के लिये गील आम मे खडी मोटरसाईकिलो को भी तोड फोड करने की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान भोपाल सिह भाटी सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर जयपुर उतर दवारा अनुसंधान शुरु किया गया।प्रकरण के आरोपी मोहित उमरवाल एचएस थाना शास्त्रीनगर व अजय नायक एचएस पुलिसथाना भट्टाबस्ती द्वारा इलाका क्षेत्र मे दहशत फैलाने के उदेश्य से आम मोहल्लो मे संगठीत रुप सेअपराध को बार बार अंजाम दे रहे है। जिनके खिलाफ आये दिन वारदात की शिकायते प्राप्त होरही हैघटना के बाद से मुस्तगीसा को घटना स्थल का निरीक्षण व गवाहान पेश करने बाबत नोटिस दिया गया तो यह तथ्य सामने आये कि प्रकरण के आरोपी मोहित उमरवाल व अजय नायक दोनो सर्किय हस्ट्रशीट अपराधी है जिनके खिलाफ दर्जनो प्रकरण दर्ज है जो वारदात दर वारदात को अजांम दे रहे है जो अपने खिलाफ दर्ज प्रकरण के मुस्तगीस पक्ष व आस पडोसियान गवाहान को मोहल्ले मे पहुंच कर बार बार धमकिया दे रहे है कि हमारे खिलाफ किसी ने रिपोर्ट देने की हिम्मत की या बयान देने का हौसला दिखाया तो यही अजांम होगा जिससे आम दहशत के चलते कोई गवाह देने को तैयार नही हो रहे थे जिस पर मन अनुसंधान अधिकारी भोपाल सिह भाटी एसीपी शास्त्रीनगर द्वारा प्रकरण के आरोपियो कि दस्तयाबी हेतु थाना भट्टा बस्ती से विशेष टीम कैलाश कुमार विश्नोई पु नि थानाधिकारी पुलिस थाना भट्टाबस्ती, मोटाराम रीडर एसीपी शास्त्रीनगर, कुलदीप कानि 7004, कालूराम कानि 6237 विरेन्द्र कानि 6363, धारासिह कानि 6363 की टीम का गठन किया गया। गठीत टीम द्वारा हार्डकोर अपराधियो की गतिविधियो का संकलन कर तथा तकनीकी सहायत से व मामूरा मुखबीरो के सहयोग से आरोपी 1. मोहीत र/ड दिलीप उम्र 25 वर्ष फ/ड म.न रढ-6 ऊढ कालोनी नाहरी का नाका शास्त्रीनगर जयपुर 2.अजय नायक पुत्र रामसिह नायक जाति नायक उम्र 25 साल निवासी 179 शिवाजी नगर शास्त्रीनगर थाना भट्टाबस्ती जयपुर 3. अक्षय कुमार शर्मा पुत्र रामकिशोर शर्मा जाति बा'ण उम्र 19 साल निवासी दौलतपुरा बगवाडा थाना दौलतपुरा जयपु पश्चिम को दस्तयाब किया जाकर बाद अनुसंधान गिरफ्तार करने मे सहयोग कियादौराने अनुसंधान प्रकरण के आरोपियान को घटना स्थल की तस्दीक व मोहल्ला आम में आमजन में पुलिस का विश्वास अपराधियो के खिलाफ कार्यवाही का विश्वास दिलाये गये तथा मौका पर आरोपियो की पहचान हेतु लोगो के सामने आरोपियो को सजा दिलाने अपराध के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने तथा प्रत्यक्षदर्शी घटना के बयान करवाने के लिये अगर कोई अपराधी द्वारा भय में डाला जाता है तो उसकी शिकायत पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर, अति पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय, सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर थानाधिकारी थाना भट्टाबस्ती को हरसम्भव प्रयास कर अपने खिलाफ हो रहे अन्याया के विरुध रिपोर्ट प्रेषित करे। जिससे कानून व्यवस्था मजबूत हो तथा अपराधियो में भय बना रहे। आरोपियो से अन्य अपराधो के बारे मे अनुसंधान जारी है।

#### अपराधियों के जयपुर के अन्य पुलिस थानों में दर्ज हैं आपराधिक मामले

» गौरतलब है इन बदमाशों के जयपुर कमिश्नरेट के अन्य पुलिस थानों जिनमें पुलिस थाना भट्टाबस्ती, पुलिस थाना शास्त्रीगनर, पुलिस थाना अशोकनगर, पुलिस थाना मुहाना आदि पुलिस थानों आपराधिक प्रवृत्ति के अनेक संगीन अपराधों के प्रकरण दर्ज हैं

## संक्षिप्त समाचार

### होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान रणनीति बनाकर करेगा संभाग स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम

- वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण को मजबूती प्रदान की जा सकती:- हुसैन खान



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा पौधा रोपण अभियान की शुरुआत एफएम जंगल राज के साथ मिलकर की गई. इस अभियान को प्रारंभ करते हुए आज 500 पौधे होटल रामबाग प्लेस में लगाए गए. पौधारोपण अभियान की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान एक पौधा मां के नाम से प्रेरणा लेकर की गई. इस अभियान में होटल रामबाग प्लेस द्वारा स्थान उपलब्ध करवाने एवं अपने सहयोग के लिए होटल फेडरेशन आफ राजस्थान ने रामबाग का आभार व्यक्त किया. आगामी दिनों में इस अभियान को लगातार गति देते हुए 6 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है. लक्ष्य को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा. इस अभियान के अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है बिना पौधों के भविष्य में आने वाली जनरेशन को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. इसलिए हमें इस अभियान को गति देते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का प्रयास करना चाहिए. इस अवसर पर फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने कहा की फेडरेशन के सदस्यों ने इस अभियान को गति देने के लिए लगातार मन बना लिया है. आगामी दिनों में फेडरेशन के सदस्य राजस्थान के सभी क्षेत्र में संभाग वाइज प्लान बनाकर पौधारोपण अभियान को गति देंगे रामबाग प्लेस होटल के जी एम अशोक राठौर जी ने कहा की हम आभारी हैं होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के जिन्होंने रामबाग में इस अभियान की शुरुआत की है. रामबाग होटल भी आगामी दिनों में पौधारोपण के लिए सतत अभियान चलाकर पौधारोपण अभियान चलाएगा. शहर के मध्य होटल होने के कारण इसका फायदा शहर के सभी लोगों को मिलेगा.एफएम जंगल राज से अंकित ने कहा की फेडरेशन एवं एफएम लगातार इस अभियान को आगामी दिनों में गति देगा. हम हमारे लक्ष्य को जल्द पूरा करें ऐसे हमारे प्रयास रहेंगे. इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा सचिव शैलेश प्रधान, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारी सदस्य सीताराम के अलावा अनेक सदस्यों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया !

# धौलपुर में पुलिस थाना सरमथुरा का हैड कानिस्टेबल 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



**जयपुर।(खलील कुरैशी) 22 जुलाई, सोमवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की धौलपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये केदार सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना सरमथुरा, जिला धौलपुर को परिवादी से 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की धौलपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में मदद करने, नाम निकालने एवं मामला रफा-दफा करने की एवज में आरोपी केदार सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना सरमथुरा, जिला धौलपुर द्वारा 10 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की धौलपुर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी केदार सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना सरमथुरा, जिला धौलपुर को परिवादी से8 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी जयपुर की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैं३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

### गुरू पूर्णिमा पर मसानियां भैरव धाम ऊँटडा में उमड़ा जनसैलाब



**चमकता राजस्थान/सत्यनारायण पारीक/अजमेर ग्रामिण।** . निकटवर्ती ऊंटड़ा गांव स्थित मसानिया भैरव धाम पर गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। मसानिया भैरव धाम पर अजमेर जिला के किशनगढ़ तहसील के ग्राम ऊँटडा में भारी संख्या में भक्तों ने भैरव धाम पर मत्था टेक कर अपने परिवारजनों की खुशहाली की कामना की। भैरव धाम पर भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर गुरूदेव राजू लाल मेघवंशी महाराज का आर्शीवाद लिया। ऊंटड़ा ग्रामवासियों द्वारा भैरव धाम पर भक्तों की सुविधाओं के लिए खास व्यवस्थाएं की गई। गदीपति महाराज राजू लाल मेघवंशी ने बताया की भैरव धाम पर आने वाले भक्तों की बीमारिया दूर होती है। साथ ही भैरव बाबा भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है।

आमजन को अतिक्रमण के दंश से मिल रही हैं लगातार मुक्ति

# जयपुर विकास प्राधिकरण मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में कर रहा है अपने दायित्वों का निर्वहन

चमकता राजस्थान

### अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट वाईपास रोड़ के दोनो तरफ करीब 8 कि.मी. तक अवैध निर्माण हटाए

**जयपुर,( खलील कुरैशी)22 जुलाई।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सामुहिक अभियान का आयोजन कर गॉर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहे से अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट बाईपास रोड़ के दोनो तरफ करीब 8 कि.मी. तक लगभग 210 स्थाई-अस्थाई अवैध निर्माणों को हटाए गए। जयपुर शहर के मुख्य रोड्स, सेक्टर रोड्स व अन्य रोड्स पर बाधित यातायात आवागमन को सुगम संचालन हेतु सड़कों पर अस्थायी रूप से किये जा रहे अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही प्रवर्तन प्रकोष्ठद्वारादिनांकः15.07.2024 से शुरू की गई। जिसमें आज दिनांकः 22.07.2024 को गॉर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहे से अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट वाईपास रोड के दोनों तरफ करीब 8 कि.मी. तक के एरिया में करीब 210 अतिक्रमणों को हटवाया। लगातार कार्यवाही करते हुये कुल 1025 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में उप नियंत्रक-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, 06, पीआरएन (नॉर्थ) के सहयोग से सामेहिक अभियान का आयोजन कर गॉर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहे से अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट वाईपास रोड के दोनो तरफ करीब 8 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, लगाये गये चाय, नास्तें की थडियां, ठेलें, तिरपाल, रेलिंग, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 210 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन- 5, पीआरएन (नॉर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।



उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देशन में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-5, 6, पीआरएन (नॉर्थ), पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना का पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है।

# शैक्षिक जनजागरण एवं सामाजिक सरोकार अभियान के तहत आज चंद्रावली गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा, संस्कार पर कार्यशाला

चमकता राजस्थान धौलपुर से रामदास तरुण



सरमथुरा उपखंड के गांव चंद्रावली में शैक्षिक जन्म जागरण एवं सामाजिक सरोकार अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित हुई, जगदीश रावत गांव कंसोटी खेड़ा, सियाराम खरौली , बच्चू सिंह, खानपुर ने अपने जन जागरण, शिक्षा में नवाचार एवं सामाजिक सरोकार के दूस-रे अभियान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चंद्रावली तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसंतपुरा में उपस्थिति होकर विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कार, नैतिक मूल्यों, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा जीवन में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के मंत्र दिए कार्यक्रम के सयोजक जगदीश रावत ने शिक्षा एवं संस्कार का जीवन में महत्व, स्वास्थ्य की जीवन में उपयोगिता पर बल दिया। मानवीय मूल्यों को जीवन में उतारने हेतु विभिन्न महान विभूतियों के उद्धरण सहित व्याख्या की और विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने विभिन्न दृष्टांतो के द्वारा विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों एवं महानता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। बच्चूसिंह रावत ने विद्यार्थियों के साथ नैतिकता पर चर्चा की और महत्व समझाया। सियाराम मीना ने शिक्षा में नवाचार पर अपनी बातें साझा की और विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। अनुभवी लोगों द्वारा उक्त बातों पर परिचर्चा को विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदो ने अपने लिए बहुत ही हितकारी बताया तथा शिक्षकों ने उपरोक्त संवाद की उपयोगिता स्वीकारते हुए कहा कि विद्यालय में इस तरह के अभियान चलते रहने की सख्त जरूरत है। कार्यक्रम सयोजक जगदीश रावत ने बताया कि उनकी टीम ने इस कार्यक्रम की शुरुआत 20 जुलाई, 2024 से खरौली गांव के विद्यालय तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बड़ा गांव पंचायत समिति सरमथुरा से की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं में पढ़ाई के प्रति अधिक रुचि बढ़ेगी, उनका मनोबल अच्छा बनेगा तथा अपना कैरियर चुनने में आसानी होगी। छात्र छात्राओं के अभिवावको को भी आगे के कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम अनवरत रूप से चलता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला धौलपुर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान धौलपुर से रामदास तरुण।** धौलपुर, 22 जुलाई 24 को अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के कार्यां की सतत समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग व्यापक रूप से वृक्षारोपण करें एवं लक्ष्य के अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था एवं साफ-सफाई की समुचित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सम्पूर्णता अभियान के तहत रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच के सूचकांक को सैचुरेट करने के निर्देश दिए और मौसमी बीमारियों, जल जनित बीमारियां के प्रति तैयारियों के बारे में जानकारी ली एवं आगे आने वाले समय में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागों को सभी कार्मिकों के कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसीईओ जिला परिषद शीशराम यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी महेश मंगल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मौत

- मृतका के परिवार जनों ने कराया मामला दर्ज



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** बयाना कोतवाली थाना क्षेत्र में 24 साल की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। मृतका के भाई संजय पुत्र फूल सिंह जाटव निवासी गांव रायसीस (नदबई) ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि, उसकी बहन पूनम (24) की शादी 3 साल पहले बयाना के भीमनगर निवासी कमल जाटव पुत्र सुभाष के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपए कैश और बाइक की डिमांड को लेकर उसकी बहन पूनम को प्रताड़ित करते थे। संजय ने बताया कि रविवार को भी पति और ससुराल वालों ने उसकी बहन पूनम के साथ दिन में मारपीट की थी। इसके बाद रविवार रात उसके खाने में जहर मिला दिया। गंभीर हालत होने पर रात करीब एक बजे ससुराल वाले उसे बयाना सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही पूनम ने दम तोड़ दिया। मृतका के भाई संजय ने बताया कि सूचना मिलने पर वे सोमवार सुबह बयाना पहुंचे, जहां ससुराल वाले उसकी बहन पूनम की अंत्येष्टि की तैयारी कर रहे थे। पीहर पक्ष की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर सीएचसी लाई।

### दो चिकित्सको के भरोसे चल रही सी एच सी

- क्षेत्र के पचास गांवों के ग्रामीण आते है चिकित्सा के लिए
- महिला चिकित्सक व एन एम नही , मेल डॉक्टर ही करते है महिलाओं की जांच व इलाज



**चमकता राजस्थान / रमेश मोदी चौमहला।** स्वास्थ केंद्र (सी एच सी ) जंहा चिकित्सको के रिक्त पदों से बदहाल हुई चिकित्सा व्यवस्था ,केवल दो चिकित्सको के भरोसे संचालित हो रहा है ,दो दो तीन तीन घंटो तक इंतजार करना पड़ रहा है इलाज के लिए मरीजों को मौसमी बीमारियों के कारण ओ पी डी प्रतिदिन 450 ,से 500 तक पहुच रही है , आसपास के करीब 40 ,50 गांवों के ग्रामीण क्षेत्रो से भी भारी संख्या में मरीजों के आने के कारण मरीजों को इलाज मिलने में काफी समय लगता है ,जबकि गंगधार कुंडला ,उन्हेल ,रामपुरा ,कचनारा ,में पी एच सी होने के बाद भी दूर दराज के गांवों तक के मरीज व गर्भवती महिलाए प्रसूति के लिए चौमहला स्वास्थ केंद्र आते है जबकि इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहती हैऔर एन एम भी उपलब्ध रहती है ,सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई बार गंगधार ,कुंडला ,उन्हेल में डॉक्टर उपलब्ध नही रहते है ,वही रात्रि में भी इमरजेंसी सेवाओ भार भी इन्ही दो डॉक्टरों के ऊपर पड़ रहा है , जबकि यहाँ पर महिला चिकित्सक सहित 5 डॉक्टरों की पोस्टिंग है इसके बावजूद पिछले तीन सालों से केवल दो डॉक्टर ही कार्यरत है ,महिला चिकित्सक के अभाव में मेल डॉक्टर ही महिलाओं का इलाज व जांच कर रहे है ,जिससे महिलाओं को भारी परेशानी आ रही है अपनी बीमारी को बताने के लिए शर्मिंदा होना पड़ता है ,जिसके कारण उचित इलाज नही मिल पाता है ,वही महिला वार्डो में भी महिला नर्सिंग कर्मी नही होने से बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है , ।चौमहला स्वास्थ केंद्र की सोनो ग्राफी मशीन भी विगत 4 साल से भी अधिक समय से खराब होने के कारण बंद पड़ी है ,

# मन को मंदिर समान बनाओ और देवी गुण धारण करो तो घर खुशियों से भर जाएगा : बीके ऋतु दीदी

## पुरानी टोंक में माता बहनों को बताएं खुश रहने के राज

चमकता राजस्थान



**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक की ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी ने आज हर व्यक्ति तन की तंदुरुस्ती और मन की शांति के साथ सुखी परिवार चाहता है, परंतु अपने नकारात्मक संस्कारों के कारण पापाचार, भ्रष्टाचार व हिंसा में लिप्त है, हिंसा सिर्फ हथियार से नहीं बल्कि जुबान से भी होती है। आज मनुष्य बुरा कार्य अपने संस्कार अनुरूप स्वतः ही कर रहा है। आज वह भक्ति करते अपने शरीर को कष्ट भी दे रहा है लेकिन फिर भी आंतरिक ताकत से वंचित है, क्योंकि आत्मा कमजोर हो गई है वास्तव में हमें समझना पड़ेगा कि मैं एक शरीर नहीं शरीर को चलने वाली चैतन्य शक्ति आत्मा हूं, हर आत्मा इस शरीर में रहते हुए श्रेष्ठ कर्म करके ही पुण्य का खाता जमा कर सकती है, इसलिए न किसी को दुःख देना है और न किसी से दुःख लेना है। स्वयं की उन्नति के साथ सर्व की उन्नति के संकल्प में अपने मन को बिजी रखना है। उन्होंने कहा आप अपने मन को मंदिर समान बनाओ और दैवी गुण धारण करो, तो घर भी और समाज भी मंदिर समान स्वच्छ व सुंदर बन जाएगा खुशियों से भर जाएगा। उक्त उद्गार सिंधी कॉलोनी पुरानी टोंक स्थित खोज बावड़ी के पास आयोजित सत्संग में बोल रहे थे। दीदी ने बातों को श्रेष्ठ संकल्प की प्रतिज्ञा भी कार्रवाई साथ ही राजयोग की गहन अनुभूति करवाई।

इस अवसर पर सिंधी समाज की गुरुयाणी अम्मा बीना बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहने संयम नियम का पालन करते हुए अनेक मनुष्यों को सतमार्ग में चलने की प्रेरणा देते हुए उनके जीवन का कल्याण कर रही है। इस अवसर पर कॉलोनी के आसपास की माताएं बहने उपस्थित रही।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने संसद भवन में गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



» चमकता राजस्थान/जयपुर। सीपी जोशी ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर दी बधाई और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

नीतीश को बड़ा झटका!

### बहार को नहीं मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा, केंद्र ने संसद में बताई वजह

**नई दिल्ली/एजेंसी।** लंबे समय से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठती आ रही है। इसे लेकर सोमवार को मानसून सत्र के दौरान जेडीयू सांसद रामप्रीत मंडल ने सरकार से सवाल किया जिसपर जवाब देते हुए वित्त राज्य मंत्री ने साफ कहा कि बिहार स्पेशल स्टेटस के क्राइटेरिया में फिट नहीं है। इसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

बता दें, बीते कई सालों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठती रही है। अभी हाल ही में रविवार को भी दिल्ली में सर्वदलीय बैठक के दौरान जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने की मांग को उठाया था। बता दें, सीएम नीतीश कुमार भी कई बार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं।

बता दें, भारतीय संविधान के आर्टिकल 275 के मुताबिक किसी राज्य को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा दिए जाने के प्रावधान हैं। वर्तमान में देश में कुल 29 राज्य हैं और 7 केंद्रशासित प्रदेश, जिनमें से 11 राज्यों को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा हासिल है, लेकिन अब भी बिहार, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा समेत पांच राज्य हैं जो विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। आर्टिकल 275 में बताया गया है कि किन स्थितियों में किसी राज्य को यह विशेष दर्जा दिया जा सकता है। इन प्रावधानों के मुताबिक उन राज्यों को यह दर्जा दिया जा सकता है, जहां पहाड़ी या मुश्किल भौगोलिक स्थितियां हों, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के लिहाज़ से राज्य रणनीतिक महत्व का हो, प्रति व्यक्ति आय बहुत कम हो, आबादी का घनत्व कम हो या आदिवासी बहुल आबादी हो या फिर आर्थिक और संरचनात्मक पिछड़ापन और राजस्व के स्त्रोतों की कमी हो।

### मिशन जम्मू-कश्मीरः सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी बीजेपी

**श्रीनगर/एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाएगी। संगठन सचिव अशोक कौल ने सोमवार को यह जानकारी दी। कौल ने उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा में मीडिया को सम्बोधित करते हुये कहा, भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी और कश्मीर घाटी सहित सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। कौल ने दावा किया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में 50 से अधिक सीटें जीतेगी और जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, 'विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर में सरकार भाजपा की बनेगी' और कहा, 'जो लोग सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं वे हमारे दावे से इनकार नहीं कर सकते।'

# पचलंगी ओम शिव गौशाला में बैठक का आयोजन

## गौशाला में आयोजित बैठक में लिए कई प्रस्ताव : मदनलाल भावरिया

चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी



**( सुमेर सिंह राव )।** उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव में स्थित ओम श्री गौशाला परिसर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गौशाला से संबंधित कई मुद्दों पर प्रस्ताव लिए गए ' बैठक का आयोजन मालीराम बड़सरा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ ' राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं गौशाला संरक्षक मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला में आयोजित बैठक में कई प्रस्ताव लिए गए जिसमें किसानों की फसल को बचाने हेतु आवारा गोवंश को रखने की व्यवस्था की जाए ' उनकी देखरेख के लिए तीन ग्वालो को 3 महीने के लिए रखा जाए ' सूबेदार नेतराम कुड़ी को गौशाला गेट पर मूर्ति लगवाने के लिए गौशाला परिवार एवं गांव बस्ती की तरफ से उनको धन्यवाद दिया गया ' स्थाई सदस्यों की व्यवस्था हेतु ओम शिव गौशाला की सूची पर विचार किया गया ' ओम शिव गौशाला पचलंगी की सीमा ज्ञान हेतु अध्यक्ष ,सचिव एवं सदस्यों द्वारा उच्च अधिकारियों को लिखित में दिया जाए ' जिसमें सीमा ज्ञान की स्वीकृति हो ' पिछले दिनों ओम शिव गौशाला परिसर में आयोजित भंडारे का आयोजन हुआ जिसके खर्चे का विवरण मीटिंग में पढ़ कर सुनाया गया ' व हिसाब का अवलोकन किया गया ' इस दौरान बैठक में जड्या बालाजी मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री सीताराम दास महाराज, सूबेदार नेतराम कुड़ी, रामलाल बड़सरा ,सुरेश चोटिया ,राकेश मटोलिया, मालीराम बड़सरा ,शक्ति सिंह, राजकुमार योगी ,शक्ति सिंह, महेंद्र तेतरवाल , लक्ष्मण राम कुड़ी , लेखराज सहित कई लोग मौजूद रहे '

# गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुभाष पार्क धौलपुर में समता सैनिक दल के पदाधिकारियों ने गुरु रोशन लाल बौद्ध का डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सम्मान किया

चमकता राजस्थान धौलपुर से रामदास तरुण



जिला धौलपुर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर समता सैनिक दल के पदाधिकारीयो ने गुरु रोशनलाल बौद्ध का साफा एवं पुष्पमाला पहनकर व साथ में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा भेटकर जोरदार स्वागत सम्मान किया! इस कार्यक्रम के मौके पर नोवतलाल कैन ,रामहेत पूर्व थानेदार, बृजेश व्यास का भी भव्य स्वागत किया

समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव वी. के. कंचन बौद्ध ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहब डा. अंबेडकर जी के द्वारा 24 सितंबर 2024 को गठित समता सैनिक दल आज पूरे भारतवर्ष के अंदर समस्त महापुरुषों की विचारधाराओं को लेकर कार्य कर रहा है भारतीय बौद्ध महासभा के वरिष्ठ संयोजक व धौलपुर जिला अध्यक्ष सम्मानित रोशनलाल बौद्ध के द्वारा धौलपुर में समता सैनिक दल का गठन दिनांक 20 सितंबर 2014 को किया था तभी से संगठन नियंत्रण कार्य कर रहा है! संगठन के जिला उपाध्यक्ष भीखाराम बौद्ध ने बताया कि समता सैनिक दल के द्वारा जिले में 81 भीम जागरण व सामाजिक जन जागृति कार्यक्रम हो चुके है! आदि पर विचार व्यक्त किए, जिला प्रवक्ता डॉ. रूप सिंह बौद्ध ने बताया कि यह संगठन गैर राजनेतिक व सामाजिक संगठन है आदि पर विचार व्यक्त किया धौलपुर में संगठन के गठन कर्ता रोशन लाल बौद्ध ने बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल दोनों ही संगठन बाबासाहेब अंबेडकर जी ने बनाए थे, और धौलपुर में भी दोनों ही संगठन साथ मिलकर गांव-गांव ढाड़ी ढाड़ी जाकर महापुरुषों की मूल विचारधाराओं पर कार्य कर रहे हैं! अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त किया! स्वागत के मौके पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव वी के कंचन बौद्ध,जिला उपाध्यक्ष भीखाराम बौद्ध,जिला प्रवक्ता डॉ. रूप से बौद्ध, जिला कोषाध्यक्ष राजेश बौद्ध ,संगठन सचिन बंटी बौद्ध, प्रचार सचिव अजय कुमार, एकता परिषद के जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह आदि उपस्थित रहे

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल में सावन के पहले सोमवार को पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में सावन के पहले सोमवार को पशुपतिनाथ मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा है। काठमांडू में रात से बारिश हो रही है। जलाभिषेक करने के लिए लोग छाता लेकर कतार में लगे हुए हैं। यहां पहुंचने वाले भक्तों में भारत के कई प्रदेशों के लोग भी शामिल हैं। श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार न करने पड़े, इसके लिए सुबह चार बजे मंगल आरती के साथ ही पशुपतिनाथ मंदिर के चारों द्वार खोल दिए गए हैं। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के सचिव डॉ. मिलन थापा ने कहा है कि सावन मास में सुबह से लेकर मध्य रात्रि तक मंदिर के चारों कपाट खुले रहेंगे। सावन के महीने में पशुपतिनाथ मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या अन्य दिनों में 5-6 लाख तक रहती है पर सोमवार को दर्शनार्थियों की संख्या 9-10 लाख तक पहुंच जाती है।

### सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**शिमला।** राजधानी शिमला में सावन के पहले सोमवार को मंदिर और शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। बारिश की फुहारों के बीच शिव मंदिरो में सुबह से भारी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। शिव भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पहुंच रहे हैं। भगवान शिव पर जल फल फूल अर्पित करने के श्रद्धालु कतारों में खड़े हैं। शिमला के मिडल बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, संकटमोचन मंदिर में श्रद्धालु भारी तादाद में उमड़े हुए हैं। प्राचीन शिव मंदिर के कपाट सुबह साढ़े चार बजे खोल दिये गए। शहर के उपनगरों व कस्बों के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ है। शिवालयों में हर हर महादेव का उद्घोष सुना जा रहा है।

### ट्रक से बोलेरो गाड़ी टकराई, दो युवकों की मौत

**जींद।** गांव मालसरीखेड़ा के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक में एक बुलेरो गाड़ी टकरा गई। रविवार रात हुए इस हादसे में दो घरों के चिराग बुझ गए और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। सोमवार को पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना का जैसे ही पता चला तो काफी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### लापरवाही बरतने पर दो दरोगा निलंबित

**बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष झा ने सोमवार को मंडावर थाना में तैनात उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राठी और रवि तोमर को लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को थाना मंडावर क्षेत्रान्तर्गत मारपीट की घटना के संबंध में थाना मंडावर पर टोकन पर दिये गये प्रार्थना पत्र की जांच के दौरान गहनता से जांच न कर सरसरी तौर पर जांच करने और मात्र खानापूर्ति करते हुये पूछताछ किये बिना ही वापस आ जाने के संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर की प्रारम्भिक जांच के उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### युवक की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया।** सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की सोमवार को हत्या कर दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित हिछौरा के रहने वाले आकिब अहमद (30) का शव गांव के प्राथमिक विद्यालय से महज सौ मीटर दूरी पर कच्ची रोड पर मिला। शरीर पर किसी धारदार हथियार से पेट और गले पर गंभीर वार किए गए हैं जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है।

### सर्पदंश से 2 की मौत, एक की हालात गंभीर

**कोरबा।** कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो घर के सदस्य सर्पदंश का शिकार हुए हैं। इनमें पति-पत्नी में से पति की मौत हो गई है जबकि पड़ोसी घर में घुसे सर्प ने एक युवक को डंस लिया, जिसकी जान चली गई। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना मोहलाइनभाटा मोहल्ले की है। तड़के करीब 4 बजे दो अलग-अलग प्रजाति के सर्प ने एक घर के रोहित और उसकी पत्नी को डंसा जबकि पड़ोस में रहने वाले घर में घुसे सर्प ने 20 वर्षीय फैजल को डंस लिया।

# सरकारी कर्मचारी भी संघ के कार्यक्रमों में हो सकेंगे शामिल

## सरकार ने हटाया प्रतिबंध, संघ ने किया स्वागत

- यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला निर्णय है
- भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है



**नई दिल्ली। एजेंसी**

सरकारी कर्मचारी भी अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में खुलेआम हिस्सा ले सकेंगे। उन्हें संघ की सदस्यता या उसकी गतिविधियों में भाग न लेने वाला दिशा-निर्देश केन्द्र सरकार ने वापस ले लिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र की कांग्रेस सरकारों ने सन् 1966, 1970 और 1980 में सरकारी कर्मचारियों के लिए जारी निदेशों में उन्हें संघ की गतिविधियों में शामिल न होने की हिदायत दी थी। इसके चलते संघ के जो स्वयंसेवक सरकारी नौकरियों में होते थे, वे मजबूरन सार्वजनिक तौर पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेते थे। किसी भी सरकारी कर्मचारी को नियुक्ति के दौरान जिन दिशा निर्देशों पर हस्ताक्षर करने अनिवार्य होते थे, उसमें एक निर्देश यह भी होता था कि वह न तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सदस्य है और न ही उसकी गतिविधियों में हिस्सा लेगा।

गत 9 जुलाई को केन्द्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए दिशा-निदेशों की यह शर्त हटा दी। केन्द्र सरकार के डीओपीटी विभाग ने सभी मंत्रालयों को भेजे निर्देश में कहा है कि इस निर्देश की समीक्षा की गई और इसे हटाने का निर्णय लिया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसका स्वागत करते हुए कहा है कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला निर्णय है। रा.स्व.संघ के अ.भा. प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में समाज को साथ लेकर संघ के योगदान के चलते समय-समय पर देश के विभिन्न प्रकार के नेतृत्व ने संघ की भूमिका की प्रशंसा भी की है।

उन्होंने आगे कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते तत्कालीन सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने के लिए निराधार ही प्रतिबंधित किया गया था। शासन का वर्तमान निर्णय समुचित है और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है।

## विपक्ष ने लोकसभा में नीट का मुद्दा उठाया, धर्मेंद्र प्रधान ने दिया जवाब

**नई दिल्ली। एजेंसी**



लोकसभा में सोमवार को विपक्ष ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 में कथित अनियमितता का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने भारतीय परीक्षा प्रणाली को धोखाधड़ी बताया वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने को गलत ठहराया। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि पूरे देश के सामने यह स्पष्ट है कि सिर्फ नीट में ही नहीं बल्कि सभी प्रमुख परीक्षाओं में हमारी परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि मंत्री (धर्मेंद्र प्रधान) ने खुद को छोड़कर सभी को दोषी ठहराया है। मुझे नहीं लगता कि वह यहां जो कुछ हो रहा है, उसके मूल सिद्धांतों को भी समझते हैं।

उन्होंने कहा कि मुद्दा यह है कि देश में लाखों छात्र हैं जो इस बात से बेहद चिंतित हैं कि क्या हो रहा है। उनका मानना है कि भारतीय परीक्षा प्रणाली एक धोखाधड़ी है। लाखों लोग मानते हैं कि अगर आप अमीर हैं और आपके पास पैसा है, तो आप भारतीय परीक्षा प्रणाली को खरीद सकते हैं और यही भावना विपक्ष की भी है।

नीट परीक्षा मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि यह सरकार पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाएगी। कुछ केंद्र ऐसे हैं जहां 2,000 से अधिक छात्र पास हुए हैं। जब तक यह मंत्री (शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान) हैं, छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष के सवालों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पिछले सात सालों में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला है। यह (नीट) मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है।

## भाजपा ने आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक बताया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे 58 साल पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। सरकार के इस फैसले का भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने स्वागत किया है। भाजपा ने आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक बताया।



भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि 58 साल पहले 1966 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने वाले सरकारी कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगाने वाले असंवैधानिक आदेश को मोदी सरकार ने वापस ले लिया है। मूल आदेश पहले ही पारित नहीं किया जाना चाहिए था। यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया क्योंकि 7 नवंबर 1966 को संसद पर बड़े पैमाने पर गौ-हत्या विरोधी प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस-जनसंघ ने लाखों की संख्या में समर्थन जुटाया था।

पुलिस फायरिंग में कई लोग मारे गये थे। 30 नवंबर 1966 को, आरएसएस-जनसंघ के प्रभाव से आहत होकर, इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर दशकों पहले प्रतिबंध लगाना ही असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक था। अब बैन हटाया गया है यह स्वागत योग्य कदम है, देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदैव ही राष्ट्र सर्वप्रथम राष्ट्र को सर्वप्रिय मानने वाला रहा है।

समाज के सभी वर्गों में सभी क्षेत्रों में राष्ट्रवादी, देश के लिए सब कुछ न्योछावर करने वाले नागरिक आगे रहे हैं। कई बार देश के न्यायालय ने भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठन और उसकी सांस्कृतिक कल्पना, देश के लिए किया जा रहे हैं, काम की सराहना की है।

## यूक्रेन के हमले में रूस के आंशिक कब्जे वाले डोनेत्स्क में दो लोगों की मौत, पांच घायल

**कीव। एजेंसी**

रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच रविवार को एक दूसरे पर ड्रोन, मिसाइल और गोलाबारी की। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस के आंशिक रूप से कब्जे वाले डोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमलों में कम से कम पांच लोग घायल हो गए। रूस ने कहा कि उसने पूर्व दिशा में अग्रिम पंक्ति में दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया है, एक खारकीव क्षेत्र में और दूसरा लुहांस्क क्षेत्र में। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने बताया कि डोनेत्स्क क्षेत्र के रूस के कब्जे वाले इलाकों में यूक्रेन की गोलाबारी में होर्लिव्का गांव में दो लोगों की मौत हो गई।



स्थानीय अधिकारियों ने रविवार सुबह बताया कि दक्षिणी यूक्रेन के आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में तीन लोग घायल हो गए। देश के उत्तर-पूर्व में, खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि रूसी गोले की चपेट में आने से एक गांव में दो लोग घायल हो गए। वायुसेना कमांडर मायकोला ओलेशुक के अनुसार, रविवार रात में यूक्रेन की वायु रक्षा ने रूस द्वारा प्रक्षेपित 39 ड्रोन में से 35 को रोक दिया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइल और दो गाइडेड एयर मिसाइल प्रक्षेपित कीं, जो अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाईं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसके सैनिकों ने दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया हैः खारकीव क्षेत्र में पिश्चाने निजने और लुहांस्क क्षेत्र में एंद्रिवका। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात के समय देश के बेलगोरोद क्षेत्र और काला सागर के ऊपर आठ ड्रोन मार गिराये।

## चांदीपुरा वायरस से मृतकों की संख्या हुई 33, अब तक 84 संदिग्ध मामले मिले

- गोंडल के राणसिकी और बनासकांठा के सुइगाम में 1-1 बालक की मौत



**अहमदाबाद। एजेंसी**

राज्य में चांदीपुरा वायरस का कहर जारी है। सरकार अलर्ट मोड पर कार्रवाई में जुटी है। गांव से लेकर शहर तक यह वायरस पैर पसार चुका है। राज्य में मानसून की बरसात इस वायरस को फैलाने में मददगार है, इसलिए प्रशासन कई स्तर पर राहत और बचाव कार्य चला रहा है। हॉस्पिटलों में व्यवस्था स्टैंडबॉय रखी गई है, तो कई जगहों पर विशेष वार्ड में बच्चों का इलाज किया जा रहा है।

संक्रमण से यह बीमारी नहीं फैलती है, इस वजह से प्रशासन इसकी मूल वजह सैंड मक्खी को नियंत्रित करने में जुटा है। सोमवार को 3 बच्चों की मौत के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 33 हो गईं। सोमवार को बनासकांठा के सुइगाम, राजकोट के गोंडल के राणसिकी और देवभूमि द्वारका जिले में 1-1 बच्चे की मौत हो गई। इसके साथ ही चांदीपुरा वायरस के संदिग्ध केस की संख्या बढ़कर 84 हो गई है। जानकारी के अनुसार राजकोट जिले की गोंडल तहसील के राणसिकी गांव में 7 वर्षीय बालक की तबियत बिगड़ने पर उसे रविवार को राजकोट के जनाना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बच्चे की सभी तरह की जांच कराई जा रही थी लेकिन रिपोर्ट आने से पूर्व ही सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

गोंडल के राणसिकी गांव के सरपंच घनश्याम काछडिया ने एक बच्चे की मौत उसके घर में और दूसरे बच्चे की मौत हॉस्पिटल में होने की जानकारी दी है। इस तरह उन्होंने दो मौत का दावा किया है। इसके अलावा बनासकांठा के सुईगांव में चांदीपुरा के संदिग्ध मरीज की सोमवार सुबह मौत हो गई है।

## सरकारी कर्मचारियों के जाने पर लगे प्रतिबंध को हटाना राजनीति से प्रेरित : मायावती

- अब सरकारी कर्मचारी भी संघ के कार्यक्रमों में जा सकेंगे

**लखनऊ। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखाओं में जाने पर लगे प्रतिबंध को 58 वर्ष बाद हटा लिया है। अब सरकारी कर्मचारी भी संघ के कार्यक्रमों में जा सकेंगे। सरकार के इस निर्णय के बाद बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की शाखाओं में जाने पर 58 वर्ष से जारी प्रतिबंध को हटाने का केन्द्र का निर्णय राजनीति से प्रेरित संघ तुष्टीकरण का निर्णय, ताकि सरकारी नीतियों व इनके अहंकारी रवैयों आदि को लेकर लोकसभा चुनाव के बाद दोनों के बीच तीव्र हुई तल्खी दूर हो।



उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को संविधान व कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता के साथ जनहित व जनकल्याण में कार्य करना जरूरी होता है। जबकि कई बार प्रतिबन्धित रहे आरएसएस की गतिविधियाँ काफी राजनीतिक ही नहीं बल्कि पार्टी विशेष के लिए चुनावी भी रही हैं। ऐसे में यह निर्णय अनुचित है और इसे तुरन्त वापस लेना चाहिए।

## कांवड़ यात्रा : पुलिस प्रशासन ने लागू किया डायवर्जन प्लान

**हरिद्वार।** श्रावा मास की शुरूआज हो गई है। इसके साथ ही हरिद्वार से कांवड़ यात्रा का आगाज भी हो गया है। कांवड़ यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित आवागमन के दृष्टिगत यातायात डायवर्सन प्लान लागू किया गया है। डायवर्सन प्लान के अनुसार नजीबाबाद की ओर से हरिद्वार आने वाले वाहन चिड़ियापुर-श्यामपुर-4.2 तिरछा पुल-गौरीशंकर से होते हुए नीलधारा पार्किंग में पार्क किए जाएंगे। इसी तरह देहरादून से हरिद्वार आने वाले वाहनों हेतु रूट एवं पार्किंग - देहरादून-भनियावाला फ्लाई ओवर-नेपाली तिराहा-रायवाला-सप्तऋषि- लालजीवाला पार्किंग। ऋषिकेश/पर्वतीय क्षेत्रों से हरिद्वार आने वालों का रूट एवं पार्किंग ऋषिकेश-नटराज चौक- गौरा देवी चौक-पुराना रेलवे स्टेशन-कोयल घाटी-एम्स-बैराज-चीला मार्ग-हनुमान मन्दिर तिराहा-नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग। इसके अलावा देहरादून-ऋषिकेश से हरिद्वार की ओर आने-जाने वाली सभी रोडवेज बसें अपने निर्धारित मार्ग से संचालित होकर मोतीचूर पार्किंग में पार्क करायी जायेंगी।

**आस्था** ऐसा शिवमंदिर जहां प्रति बर्ष बढ़ता है शिवलिंग, सावन में पूजा अर्चना से मिलती सुख समृद्धि

# श्रावण के पहले सोमवार को उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

- भक्ति भाव से पूजन-अर्चन कर भगवान भोलेनाथ से मनोकामना करता है
- श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करने से भक्तों को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है

**औरैया। एजेंसी**



वैसे तो सावन में सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में हम आपको आज एक ऐसे शिवालय के बारे में बताने जा रहे हैं जो जनपद में यमुना नदी के किनारे स्थित देवकली मन्दिर के नाम से जाना जाता है। जहां पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से शिव भक्त पूजन अर्चन, रुद्राभिषेक, जलाभिषेक के साथ ही कांवर चढ़ाने के लिये आते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त देवकली मन्दिर आकर भक्ति भाव से पूजन-अर्चन कर भगवान भोलेनाथ से मनोकामना करता है वह मनोकामना भगवान भक्त की अवश्य ही पूरी करते हैं। इतना ही नहीं इस मंदिर के कुछ अनसुलझे रहस्य भी हैं। इन रहस्यों में सबसे खास इसके शिवलिंग का आकार बढ़ने की हैं। और इस मंदिर के रहस्य की बात करें तो कई अनसुलझी पहेलियां अपने में समेटे हुए हैं।

इसमें कई देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं लेकिन इनमें शिवलिंग के आकार बढ़ने वाला रहस्य सबसे अलग है। इसे आज तक कोई पता नहीं लगा सका है। इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग जो प्रति वर्ष जौ के बराबर बढ़ता है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर पर चढ़ने वाला लाखों लीटर जलाभिषेक का जल कहां चला जाता है इसका अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। श्रावण मास में यहां विराजमान भगवान शंकर की शिवलिंग की श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करने से भक्तों को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

जिले में आज श्रावण मास के प्रथम दिवस के साथ ही प्रथम सोमवार होने से सभी शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इसी तरह से यहां के प्राचीन देवकली मन्दिर का नजारा सोमवार को पहले श्रावण मास के दिन कुछ अलग दिखाई दिया। यमुना नदी किनारे स्थित देवकली मन्दिर पर शिव भक्तों की भारी भीड़ देर रात्रि से ही पहुंचना शुरू हो गई थी। सोमवार की सुबह 4 बजे से पहले ही मंदिर के बाहर शिवभक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। जैसे ही सुबह मन्दिर के कपाट खुले बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

मन्दिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। मन्दिर के गर्भगृह सहित पूरे परिसर में आने जाने वाले रास्ते पर जगह-जगह पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए मन्दिर में अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। इसके साथ ही मन्दिर में महिला पुलिस को भी लगाया गया।

## विपक्षी दल भाजपा के खिलाफ कर रहे दुष्प्रचार : कंवर पाल

**यमुनानगर। एजेंसी**



जनता का प्रतिनिधि होने के नाते सरकार एवं प्रशासन के प्रति जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना मेरा दायित्व ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी बनता है। यह कहना है हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल जो सोमवार को अपने जगाधरी कार्यालय में खुले दरबार में लोगों की समस्याएं एवं शिकायते सुन रहें थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं हलके के लोग अपनी भिन्न-भिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर उनके पास आते हैं। कंवरपाल ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो और जो समस्याएं प्रशासन से संबंधित होती है, उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरन्त निर्देश दिए जाते हैं। कृषि मंत्री के समक्ष खुले दरबार में आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान करा दिया। कुछ समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

# सर्वदलीय बैठक में उठी तीन राज्यों के लिए विशेष दर्जे की मांग, इस प्रदेश के सीएम रहे चुप






नयी दिल्ली/एजेंसी

संसद के 22 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कुछ क्षेत्रीय दलों ने अपने-अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग की। इनमें केंद्र सरकार में सहयोगी एनडीए के घटक दल भी शामिल रहे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये यह जानकारी दी। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, 'रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज हुई सर्वदलीय बैठक में जदयू नेता ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी नेता ने आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। हैरानी की बात यह है कि टीडीपी नेता इस मामले पर चुप रहे।' कुछ देर बाद एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा,' 'राजनीतिक परिदृश्य किस तरह बदल गया है। सर्वदलीय बैठक में बीजू जनता दल के नेता ने रक्षा मंत्री (राजनाथ सिंह) और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को याद दिलाया कि भाजपा ने 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने घोषणापत्र में ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था।' इस साल हुए विधानसभा चुनाव में बहुमत पाने के बाद अब ओडिशा में भाजपा सत्ता में है।

## गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन

# तीन श्रद्धालुओं की मौत, कईयों के दबे होने की आशंका

केदारनाथ/एजेंसी



मॉनसून के आगमन के साथ ही उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में जीवन कठिन हो जाता है। रविवार सुबह गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक बड़ा हादसा हुआ। चीड़वासा में अचानक पहाड़ी से मलबा गिरने लगा, जिससे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। ऐसा माना जा रहा है कि मलबे में अभी भी कई तीर्थयात्री फंसे हो सकते हैं। एनडीआरएफ समेत कई एजेंसियां रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास हुआ, जहां पहाड़ी से मलबा और भारी पत्थर नीचे गिरने लगे। रजवार के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि मलबे से अब तक तीन लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि एक व्यक्ति को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। देहरादून स्थित मौसम विभाग कार्यालय ने आगामी दिनों में कुमाऊं, गढ़वाल और देहरादून सहित कई मैदानी इलाकों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। कुमाऊं के अधिकांश जिलों में अगले 24 से 48 घंटे तक भारी से अति भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि गढ़वाल के अधिकांश जिलों और राजधानी देहरादून व मैदानी इलाकों में भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर गरज और चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है।

## एक शक से उजड़ गया पूरा परिवार

- पत्नी और 10 माह की बच्ची की हत्या करने के बाद रेलवे ट्रैक पर कूदा पति




**हैदराबाद/एजेंसी।** सिकंदराबाद के बोवेनपल्ली इलाके में एक शख्स ने आत्महत्या करने से पहले अपनी बीवी और 10 महीने की बेटी की हत्या कर दी। घटना रविवार सुबह की है। इस चौंकाने वाली घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और और एक महिला और उसकी बेटी का शव बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, मृतक गणेश ने अपनी पत्नी स्वप्ना और बेटी नक्षत्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में उसने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि व्यक्ति ने इतना बड़ा कदम इसलिए उठाया क्योंकि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। अपने घर पर अपनी पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद गणेश ने सुचित्रा में रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली। गणेश के पड़ोसियों के अनुसार, वह एक ऑटोरिक्शा चालक था और परिवार कुछ साल पहले महाराष्ट्र से आया था। बोवेनपल्ली पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## यूनेस्को के विश्व धरोहर केंद्र के लिए दस लाख डॉलर देगा भारत', पीएम मोदी ने की घोषणा

नयी दिल्ली/एजेंसी

नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सत्र का उद्घाटन किया। आपको बता दें कि भारत में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। भारत मंडपम में यह सत्र 21 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इसमें 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्व धरोहर समिति की बैठक में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। शेखावत ने कहा कि पीएम मोदी ने इस सम्मेलन में आकर समारोह की गरिमा को बनाए रखने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसके बाद पूरी दुनिया का ध्यान भारत पर केंद्रित हो गया था। इससे विश्व का भारत के प्रति नजरिया बदला है। एक तरफ, इस सम्मेलन में आधुनिक ज्ञान और विज्ञान में भारत के कौशल का प्रदर्शन होगा। इसके साथ साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरों और उनके रख-रखाव से जुड़े भारत सरकार के गंभीर प्रयासों को भी विश्व पटल पर दर्शाने में सफलता प्राप्त होगी। भारत अपनी सांस्कृतिक विविधताओं के लिए विश्व भर में अलग स्थान रखता है।'

विश्व धरोहर समिति की बैठक का अद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज भारत गुरु पूर्णिमा का पवित्र पर्व मना रहा है। मैं सभी देशवासियो को अध्यात्म के इस पर्व की बधाई देता हूं। ऐसे अहम दिन आज विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की शुरुआत हो रही है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। स्वाभाविक है कि मेरे सहित सभी देशवासियों को इसकी विशेष खुशी है। मैं इस अवसर पर पूरी दुनिया से आए अतिथियों का स्वागत करता हूं। खासतौर पर मैं यूनेस्को की महानिदेशक ऑद्रे अजोले का भी धन्यवाद अदा करता हूं।'



## शहीद दिवस रैली में दीदी की दहाड़

**शहीद दिवस रैली में तृणमूल के साथ अखिलेश यादव हुए शामिल**

# दिल्ली में सरकार ने एजेंसी लगाकर जो सरकार लाई है, वह सरकार कभी भी जा सकती है : ममता बनर्जी



कोलकाता/एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार (21 जुलाई) को कोलकाता के एस्प्लेनेड में शहीद दिवस रैली की। इस रैली में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस नेताओं के अलावा अखिलेश यादव ने भी भी हिस्सा लिया था। लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद बंगाल में ये टीएमसी की पहली बड़ी रैली है। इस दौरान मंच से ममता बनर्जी ने अखिलेश यादव की तारीफ की।

टीएमसी की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'मैं चाहती हूं कि बंगाल के साथ हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हों। आप(अखिलेश यादव) यहां आए, मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। मैं समाजवादी पार्टी का अभिनंदन करना चाहूंगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में आपने जो खेल दिखाया है, मैं आपके साथ सहमत हूं कि दिल्ली में सरकार ने एजेंसी लगाकर, चुनाव आयोग को लगाकर जो सरकार लाई गई है, वह सरकार स्थिर नहीं है, वह सरकार कभी भी जा सकती है।'

### मोदी सरकार पर साधा निशाना

» रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'तृणमूल कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके 38% निर्वाचित सांसद महिलाएं हैं। चुनावों से पहले, कई लोग राजनीति में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण देने का दावा करते थे, लेकिन ऐसा नहीं कर पाए। हम एकमात्र ऐसी पार्टी हैं जिसने 38% महिला प्रतिनिधियों को सुनिश्चित किया।'

### अखिलेश यादव ने कही ये बात

» रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है।सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया, उत्तर प्रदेश ने भी आपके साथ मिलकर पीछे छोड़ दिया। ये जो कुछ दिन के लिए सत्ता में आए हैं ये कुछ दिन के मेहमान हैं। दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है। हम एक दिन देखेंगे कि यही सरकार गिरेगी और हमारे आपके लिए खुशियों के दिन आएंगे।

### सत्ता में बैठे लोग कर रहे हैं लगातार षड्यंत्र : अखिलेश यादव



## संक्षिप्त खबरें

### सर्बियाई राष्ट्रपति ने पेरिस ओलंपिक टीम के लिए किया स्वागत समारोह का आयोजन



**बेलग्रेड।** सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने रविवार को देश की ओलंपिक टीम के लिए एक औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया, जिसे वे पेरिस में होने वाले आगामी ओलंपिक खेलों में लेकर जाएंगे। अपने संबोधन में वुसिक ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा मैं ऐसे महान खिलाड़ियों के सामने बहुत नर्वस हूं। मेरा काम आपको ओलंपिक खेलों में शुभकामनाएं देना है। मैं आपको और आपके परिवारों को आपके प्रयासों और त्याग के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं, आपने छुट्टियां मनाने के बजाय प्रशिक्षण लेने का विकल्प चुना, ताकि हमारे देश के लिए कुछ महान हासिल किया जा सके। हम आपके हर प्रदर्शन को प्रत्याशा और आशा के साथ देखेंगे। वुसिक ने ओलंपिक में महत्वपूर्ण पदक जीतने की उम्मीद भी जताई।

### मुंबई सिटी एफसी ने रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स से सुप्रतिम दास के साथ किया करार

**मुंबई।** मुम्बई सिटी एफसी ने मंगलवार को रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स के प्रतिभाशाली 19 वर्षीय मिडफील्डर सुप्रतिम दास के साथ तीन साल का करार किया है। वह मुम्बई सिटी एफसी में 2027 की गर्मियों तक बने रहेंगे। रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स में सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक सुप्रतिम अपनी असाधारण तकनीकी क्षमताओं और खेल की बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। वह दबाव में गेंद पर कब्जा करने और मिडफील्डर के रूप में तीखे पास देने में माहिर हैं। रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, सुप्रतिम ने 2018-2019 सीजन में सब-जूनियर आई-लीग खिताब जीतने और 2022-23 सीजन के लिए एमएफए सुपर डिवीजन लीग में टीम को उपविजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग 2022-23 और 2023-24 सीजन में भी भाग लिया और 2023 में प्रीमियर लीग नेक्स्ट जेन कप के लिए योग्यता अर्जित की। सुप्रतिम ने रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स के साथ कई एक्सपोजर ट्रिप में भाग लिया है।

### एसए20 के तीसरे सीजन के लिए पार्ल रॉयल्स से जुड़े इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट बेटवे एसए 20 सीजन 3 के लिए पार्ल रॉयल्स में शामिल हुए। रूट वर्तमान में थ्री लायंस के सबसे अनुभवी बल्लेबाज हैं, पूर्व कप्तान ने सभी प्रारूपों में 344 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 19,219 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं और उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। उन्होंने 32 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें रूट ने कोलकाता में 2016 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। रूट ने ग्रुप स्टेज के दौरान 44 गेंदों पर 83 रनों की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत इंग्लैंड ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के 229/4 के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया।

### गंभीर ने भारत के मुख्य कोच का पदभार संभालने के बाद कहा-बड़ी जिम्मेदारी निभानी है

**मुंबई।** गौतम गंभीर ने टीम इंडिया के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभाल लिया है, उनका मानना है कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी निभानी है क्योंकि वह उस भूमिका में कदम रख रहे हैं जो पहले राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री के पास थी। गंभीर ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हमेशा मेरा साथ देंगे। मेरा लक्ष्य ड्रेसिंग रूम को खुशहाल और सुरक्षित बनाना है। मैं एक बहुत ही सफल टीम की कमान संभाल रहा हूं। मुझे बड़ी जिम्मेदारी निभानी है और मैं इसके लिए उत्साहित हूं, गंभीर को स्टार खिलाड़ियों से भरे ड्रेसिंग रूम में काम करना होगा।

# महाराष्ट्र सरकार समर्थित प्रो गोविंदा लीग का आयोजन 27-28 जुलाई को

- खिलाड़ियों को खेल उत्कृष्टता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है
- नागरिकों के बीच सांस्कृतिक भावना विकसित करती है



**मुंबई। एजेंसी**

महाराष्ट्र की प्रमुख दही हांडी प्रतियोगिता, प्रो गोविंदा 2024 का आयोजन 27-28 जुलाई को महाराष्ट्र के ठाणे में प्रतिष्ठित स्वर्गीय बाबूराव सरनाईक जिमनास्टिक सेंटर में प्री-क्वालिफिकेशन राउंड के साथ किया जाएगा। इस सांस्कृतिक खेल की भावना को और बढ़ाने के लिए, यह स्थल राज्य भर से 32 टीमों की मेजबानी करेगा, क्योंकि वे दही हांडी तक पहुँचने और उसे तोड़ने के लिए मानव पिरामिड बनाने में अपनी एथलेटिक प्रतिभा और मजबूत टीम वर्क का प्रदर्शन करेंगे। इस रोमांचक प्री-क्वालिफिकेशन राउंड से, केवल सर्वश्रेष्ठ सोलह टीमों का चयन किया जाएगा, जो 18 अगस्त को वर्ली के डोम एसवीपी स्टेडियम में आयोजित होने वाले भव्य मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगी। मुख्य कार्यक्रम इस सीजन में एक रोमांचक लीग प्रारूप को अपनाएगा, जिसमें महाराष्ट्र भर की सर्वश्रेष्ठ 16 टीमें अंतिम पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। महाराष्ट्र सरकार प्रो गोविंदा 2024 लीग में प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए पर्याप्त पुरस्कार राशि प्रदान करती है, जिससे खिलाड़ियों को इस खेल उत्कृष्टता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा दही हांडी महाराष्ट्र की समृद्ध परंपराओं का सार है, जो समुदायों को एक साथ लाती है और नागरिकों के बीच सांस्कृतिक भावना विकसित करती है। प्रो गोविंदा प्रतियोगिता हमें राज्य में इस सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को इस सांस्कृतिक अनुष्ठान में अधिकतम भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक खेल महत्व बनाने में मदद करेगी।

डोम और सिनेयुग ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष और निदेशक मोहम्मद मोरानी ने कहा, ₹प्रो गोविंदा 2024 महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक बेंचमार्क के रूप में खड़ा है। हमें ऐसे आयोजन का समर्थन करने पर गर्व है जो न केवल राज्य की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को पोषित करता है बल्कि खेल भावना को भी बढ़ावा देता है। इस आयोजन के माध्यम से, हम राज्य भर के खिलाड़ियों को एकता और परंपरा का जश्न मनाने के लिए अपनी एथलेटिक क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## सफेद गेंद श्रृंखला के लिए श्रीलंका रवाना हुई टीम इंडिया



**मुंबई। एजेंसी**

मुंबई में सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका के लिए रवाना हो गई, जहां टीम तीन मैचों की टी20 और उसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। तीन टी20 मैच 27, 28 और 30 जुलाई को खेले जाएंगे, जिसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी, जो 1 अगस्त से शुरू होगी। पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम सीरीज के टी20आई चरण की मेजबानी करेगा, जबकि आर प्रेमदासा 50 ओवर के मैचों की मेजबानी करेगा। दौरे की शुरूआत से पहले, भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी निभानी है क्योंकि वह राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री जैसे लोगों की भूमिका निभा रहे हैं।

गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हमेशा मेरा साथ देंगे। मेरा लक्ष्य ड्रेसिंग रूम को खुशहाल और सुरक्षित बनाना है। मैं एक बहुत ही सफल टीम, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और 50 ओवर के विश्व कप की उपविजेता और टी-20 चैम्पियन है, की कमान संभाल रहा हूं। मुझे बड़ी जिम्मेदारी निभानी है और मैं इसके लिए उत्साहित हूं।

गंभीर को अपने केकेआर साथी अभिषेक नायर, जो टीम के सहायक कोच की भूमिका निभाएंगे और रयान टेन डोशेट, जो सहायक स्टाफ में शामिल होंगे, का समर्थन प्राप्त होगा।

# दूसरी सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी वेस्ट जोन चैंपियनशिप आज से

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला वेस्ट जोन चैंपियनशिप 2024 मंगलवार से गुजरात के सूरत में वीर नर्मद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी हॉकी ग्राउंड पर शुरू होगी। चैम्पियनशिप का समापन 30 जुलाई को होगा। चैम्पियनशिप में 7 पुरुष और 6 महिला टीमें शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। महिला वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ हॉकी, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान, हॉकी गुजरात और गोवा हॉकी राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें अंत में फाइनल के लिए



क्वालीफाई करेंगी। पुरुष वर्ग को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पूल बी में दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हॉकी, छत्तीसगढ़ हॉकी, हॉकी गुजरात और गोवा हॉकी शामिल होंगे। ग्रुप चरण के अंत में शीर्ष चार टीमें 29 जुलाई को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

हॉकी मध्य प्रदेश और गोवा हॉकी मंगलवार को महिला वर्ग में सब जूनियर वेस्ट जोन चैंपियनशिप की शुरूआत करेंगे। इसके बाद हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी राजस्थान और छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी गुजरात के बीच मैच होंगे। पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ हॉकी का मुकाबला गोवा हॉकी से होगा, इसके बाद हॉकी राजस्थान और हॉकी महाराष्ट्र के बीच मुकाबला होगा।

### यूरोप, उत्तरी अमेरिका, एशिया ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार



**नई दिल्ली।** मध्य पेरिस स्थित प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में 9 और 10 अगस्त को ओलंपिक इतिहास की पहली ब्रेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 देशों और क्षेत्रों के 32 नर्तक पुरुष और महिला वर्ग के स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पेरिस ओलंपिक में ब्रेकिंग इवेंट के लिए लाइनअप में महाद्वीपीय चैंपियन, दो ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट के शीर्ष रैंक वाले एथलीट और वाइल्डकार्ड प्रविष्टियाँ शामिल हैं। उत्तरी अमेरिकी स्ट्रीट कल्चर में इसकी उत्पत्ति के बावजूद, ब्रेकिंग (जिसे ब्रेकडांसिंग के रूप में भी जाना जाता है) ने वैश्विक लोकप्रियता हासिल की है, विशेष रूप से यूरोप और एशिया में, जो ओलंपिक इवेंट के लिए लाइनअप में परिलक्षित होता है, फ्रांस, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका में से प्रत्येक में चार प्रतिभागी (दो पुरुष और दो महिलाएँ) होंगे, जबकि चीन तीन प्रतियोगियों (दो महिलाएँ और एक पुरुष) को मैदान में उतारेगा। डच डांसर ली डियॉफ ने दोनों क्वालीफाइंग स्पधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना ओलंपिक स्थान सुरक्षित कर लिया। अमेरिका के विश्व चैंपियन विक्टर मोंटाल्वो और फ्रांस के यूरोपीय चैंपियन डेनिस सिविल भी शीर्ष दावेदार हैं। जापान के शिगेयुकी नाकराई (शिगेकिक्स), जिन्होंने हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

### पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेंगे पीआर श्रीजेश

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश इस महीने के अंत में शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लेंगे। श्रीजेश पेरिस में अपने चौथे ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे और टोक्यो में 2020 संस्करण से अपने कांस्य पदक के रंग को बदलने की उम्मीद करेंगे। 36 वर्षीय, जिन्होंने 2006 में भारत के लिए पदार्पण किया था, ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपने अंतिम अध्याय की दहलीज पर खड़ा हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता और प्रतिबिंब से भर जाता है। मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद।

# प्ले स्पोर्ट्स के ब्रांड एंबेसडर बने सानिया, मैरी कॉम और रणविजय

**नई दिल्ली। एजेंसी**

छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया मिर्जा, छह बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम और मशहूर टीवी होस्ट और अभिनेता रणविजय सिंह ब्रांड एंबेसडर के रूप में 'प्ले स्पोर्ट्स' से जुड़ गए हैं।



प्ले स्पोर्ट का उद्देश्य स्कूलों के साथ काम करके, खेलों को विकसित करके, खेल के बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करके, अकादमियों को चलाकर और जमीनी स्तर से प्रतिभाओं की खोज करके भारत में एक स्थायी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। अपने सहयोग के बारे में सानिया मिर्जा ने प्ले स्पोर्ट्स की ओर से जारी एक बयान में कहा कि स्कूलों के लिए खेल पाठ्यक्रम विकसित करने की प्ले स्पोर्ट की अनूठी विशेषता ने उन्हें इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य पहले चरण में दिल्ली एनसीआर और जयपुर में स्कूलों और सोसाइटियों में खेल के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार करना है और फिर इसे पूरे देश में ले जाना है। वे स्कूलों में मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन में भी शामिल हैं और जहां कोई नहीं है, वहां विभिन्न खेलों के खेल के मैदान विकसित करने के लिए भी है। प्ले स्पोर्ट्स स्कूलों के लिए उपकरण सहायता भी प्रदान करता है और खेल पाठ्यक्रम विकसित करता है। इसने मुझे उनके साथ जुड़ने और उस खेल को वापस देने के लिए प्रेरित किया जिसने मुझे प्रसिद्धि और वैश्विक पहचान दी।

पद्म भूषण और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित मैरी कॉम ने कहा 2036 ओलंपिक 12 साल बाद आयोजित किए जाएंगे और प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य स्कूलों से प्रतिभाओं की खोज करके और उन्हें उचित प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करके ओलंपियनों के अगले बैच को तैयार करना है। मैरी कॉम, जिन्हें अक्सर एक मुक्केबाज के रूप में उनकी दृढ़ता और मानसिक शक्ति के लिए 'शानदार मैरी' के रूप में जाना जाता है, प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि यह उन्हें युवा प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देता है। 2014 एशियाई खेलों और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली 41 वर्षीय मैरी कॉम ने कहा एक एथलीट के रूप में जिसने खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति को पहले से देखा है।

ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होना मेरे लिए एक स्वाभाविक विकल्प था। प्ले स्पोर्ट्स का विजन युवा प्रतिभाओं को निखारने और पूरे भारत में खेलों को बढ़ावा देने की मेरी अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए मुझे प्रेरित करने का एक मुख्य कारण जमीनी स्तर पर विकास पर उनका ध्यान है।

## वाणिज्य



# कॉर्पोरेट मंत्रालय ने लंबित मामले कम करने के लिए उठाए हैं कदमः सीतारमण



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरणों की अधिक संख्या में जरूरत है, जिसे पूरा करने का काम किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 संसद के निचले सदन लोकसभा में पेश करने के बाद पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। सीतारमण ने कहा कि 15 जुलाई, 2024 तक विभिन्न न्यायालयों में वापसी के लिए 6,294 आवेदन दायर किए गए हैं। सीतारमण ने एक सवाल के जवाब में कहा कि व्यापार करने में आसानी के लिए कई कदम उठाए गए हैं। 63 अपराधों को अपराध मुक्त किए जाने के कारण आज कंपनियां अनुपालन की चिंता किए बिना अपना काम कर पा रही हैं। एक केंद्रीय प्रसंस्करण प्रणाली भी स्थापित की गई है। उन्होंने सदन को दी जानकारी में बताया कि 15 लाख रुपये तक की अधिकृत पूंजी वाली कंपनियों के लिए निगमन के लिए शून्य शुल्क लाया गया है। यह व्यापार करने में आसानी का एक उदाहरण है जो न्यायालयों में लंबित मामलों को कम करने के साथ-साथ आगे बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा मैं सेबी के द्वारा लाए गए सुधारों, विशेष रूप से दावों के निपटान के लिए दी गई समय-सीमा को भी रेखांकित करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि यह एक उल्लेखनीय कदम है। हमारे बाजार और कंपनियों को इससे लाभ हुआ है। वास्तव में हम कई अन्य देशों से बहुत आगे हैं, जहां समान कंपनी कानून संचालित होते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं माननीय सांसद से सहमत हूं कि एनसीएलटी और एनसीएलएटी में स्टाफ की नियुक्ति और रिक्तियों को भरना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे हम हल करने का प्रयास कर रहे हैं।

### सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** बजट के एक दिन पहले घरेलू सराफा बाजार में कमजोरी नजर आ रही है। गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 74,560 रुपये से लेकर 73,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सर्राफा बाजारों में 68,340 रुपये से लेकर 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट दर्ज की गई है। इसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 74,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.71 प्रतिशत टूट कर 5,505 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 144.28 अंक यानी 0.81 प्रतिशत लुढ़क कर 17,726.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वही डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 40,312.58 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,155.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,534.52 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 182.83 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूट कर 18,171.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# कमजोर शुरुआत के बाद शेयर बाजार में रिकवरी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**



बजट के एक दिन पहले घरेलू शेयर बाजार में संभल कर कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के बाद से ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 2.88 प्रतिशत से लेकर 1.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर विप्रो, कोटक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर 8.21 प्रतिशत से लेकर 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,252 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,382 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 870 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 195.75 अंक की कमजोरी के साथ 80,408.90 के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण ये सूचकांक तेजी से रिकवरी करने लगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हास्य धारावाहिक चलता पुर्जा की शूटिंग शुरू




**चमकता राजस्थान/जयपुर ।** हास्य धारावाहिक चलता पुर्जा का पहला शेड्यूल रविवार को जगतपुरा में संपन्न हुआ । धारावाहिक का मुहूर्त पूर्व अतिरिक्त निदेशक गोविंद पारीक ने किया । धारावाहिक के निदेशक अनिल मारवाड़ी है । इस धारावाहिक के लेखक संतोष निर्मल और पीयूष कुलश्रेष्ठ है ।इस धारावाहिक में राजेंद्र शर्मा राजू, मनोज स्वामी, रेनू सनढय, विनोद सागर गढ़वाल और चंद्रशेखर शर्मा अभिनय कर रहे हैं । धारावाहिक के कैमरामैन आदित्य बागिया हैं ।

### खेत में कीटनाशक दवाई देकर लौटे युवक की मौत

- पुलिस ने जांच पडताल कर चिकित्सालय में कराया शव का पोस्टमार्टम

**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)** क्षेत्र के गांव खुर्रमपुर में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया। सूत्रों की मानें तो मृतक युवक गिर्राज सिंह अपने खेत में खरपतवार की कीटनाशक दवाई देने के बाद अपने कमरे में सो गया। थोडी देर बाद युवक को होश नही आने पर परिजनों ने युवक को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने चिकित्सालय में युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया।

### दहेज नही देने पर महिलाओं से मारपीट, मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)** लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला डिप्टी निवासी नीरज सैनी ने दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए अपने पति सहित ससुरालजनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार पीडित महिला की करीब चार साल पहले भुसावर निवासी नीरज सैनी के साथ शादी हुई। शादी के बाद ससुरालजन दहेज में दो लाख नगदी की मांग करते हुए महिला को प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नही करीब एक पखवाडे पहले गर्भवती होने के बावजूद विवाहित महिला से मारपीट की गई। जिसके चलते पीडित महिला ने भुसावर निवासी अपने पति नीरज सैनी सहित सास कमला व ससुर यादराम सैनी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।
उधर, लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव गादौली निवासी सपना जाटव ने दहेज में गाडी मांगने व दहेज नही देने पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए विकास नगर भरतपुर निवासी अपने पति पंकज जाटव सहित ससुर प्रेमसिंह जाटव, सास देवकी, जेठ रामवीर जाटव, विक्रम जाटव व लोकेन्द्र जाटव, जिठानी पुष्पलता, रीना व उमेश सहित भतीजे जतिन पुत्र रामवीर जाटव के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

### आज सावन के प्रथम सोमवार के दिन शिवालय शिव मंदिरों पर लगा भक्तों का मेला



**चमकता राजस्थान धौलपुर से रामदास चरण।** बसेड़ी उपखण्ड आज सावन के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों द्वारा भूतेश्वर पार्वती नदी में स्नान कर भोले बाबा पर एक लोटा जल, दूध, बेलपत्र, रोरी, चावल, चंदन, इत्र, पुष्प, बेलपत्र, धतूरा चढ़ा कर महादेव बाबा से मन्नत मांगी। इसके लिए सुबह से ही सूर्योदय से पूर्व भक्तों का भूतेश्वर महादेव मंदिर एवं अन्य महादेव मंदिरों पर मेला लगा रहा, एवं भक्त लोगों द्वारा भूतेश्वर महादेव मंदिर पर पूरी सब्जी, मालपुआ, मैंगो जूस का प्रसाद वितरण सभी भक्तों को किया गया।

### पचलंगी पुलिस चौकी स्थित शिवालय में रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

- कन्याओं को कराया भोजन



**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी/( सुमेर सिंह राव )।** उपखंड क्षेत्र के पचलंगी पुलिस चौकी स्थित बालाजी मंदिर और शिव भगवान मंदिर में पुलिस चौकी स्टाफ द्वारा क्षेत्र में शांति और अमन चैन की कामना करते हुए हवन व सुंदरकांड के पाठ, रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्याओं को भोजन भी कराया गया ’ आचार्य पंडित मनोज तिवारी एवं पवन जोशी द्वारा पुलिस चौकी पचलंगी में स्थित बालाजी मंदिर में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन एवं हवन का आयोजन एवं शिव शंकर भोलेनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक का प्रोग्राम किया गया ’ इस दौरान पुलिस चौकी स्टाफ रामचंद्र चौधरी चौकी इंचार्ज ,कांस्टेबल अमित कुमार यादव, कृष्ण कुमार के अलावा बाबूलाल शर्मा, राकेश बडसरा, शंभू लाल सैनी, ललित शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे ’

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# लंबित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: जिला कलक्टर

## मानसून सीजन में आपदा प्रबंधन को लेकर सतर्क रहने के भी दिये निर्देश

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 22 जुलाई।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये हैं। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में राजस्व अधिकारी भू-रूपांतरण सहित राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय में दर्ज राजस्व प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित करें एवं लक्ष्य हासिल करने के लिए सप्ताह में पांचों दिन कोर्ट लेकर ज्यादा से ज्यादा दावों की सुनवाई करेंबैठक में कलक्टर ने जिले में भू-आवंटन, औद्योगिक प्रयोजनार्थ भू-संपरिवर्तन, नामान्तरण, सीमाज्ञान, कुर्रेजात, पत्थरगढ़ी एवं सहित सभी तरह के लम्बित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने पटवारियों की कार्यालय में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदार को पटवार कार्यालयों के औचक निरीक्षण के निर्देश दिये।इस दौरान कलक्टर ने अधिकारियों को पौधारोपण महाअभियान से संबंधित तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मानसून सीजन के दौरान उपखण्ड में आपदा प्रबंधन के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिये। उन्होंने जलभराव की स्थिति में जल निकासी एवं आमजन को रेस्क्यू करने के लिए जरूरी इंतजाम दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय रहते रेस्क्यू टीमों को मौके पर पहुंचने के लिए पाबंद करे ताकि बारिश के दौरान आपदा प्रबंधन किया जा सके।बैठक कलक्टर ने अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र लंबित प्रकरणों के भी निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने कहा कि पेंशन संबंधी प्रकरणों का भी निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, रात्रि चौपाल एवं दौरों का विवरण संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिये।

### ये अधिकारीगण रहे मौजूद

- » बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर दूदू गोपाल परिहार सहित जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नीता अंबानी ने एनएमएसीसी में भव्य गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया

चमकता राजस्थान



मुंबई। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष श्रीमती नीता अंबानी ने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) में गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन, जो पिछले वर्ष शुरू हुआ था, गुरु-शिष्य परंपरा को सम्मानित करता है। श्रीमती नीता अंबानी ने कहा, ₹गुरु-शिष्य परंपरा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की रीढ़ रही है। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती नीता अंबानी के भावनात्मक संदेश से हुई, जिसमें उन्होंने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹हमारे जीवन में हमारे माता-पिता पहले शिक्षक होते हैं। मेरे जीवन में मेरे माता-पिता की भूमिका के लिए मैं अत्यंत आभारी हूं। मेरे पिता की दयालुता और मेरी माँ की अडिग निष्ठा और मेहनत ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह हमारा सपना है कि हमारी धरोहर और परंपराएं सराही जाएं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। मुझे खुशी है कि यह सपना साकार हो गया है।
कार्यक्रम में घटनम सिम्फनी का प्रदर्शन हुआ, जिसमें विद्वान विक्कु विनायकम के परिवार की तीन पीढ़ियों - वी. सेल्वा गणेश, उमा शंकर और स्वामीनाथन सेल्वा गणेश - ने भाग लिया। विनायकम परिवार के सबसे कम उम्र के कलाकार तत्त्व ने भी अपनी शुरुआत इस कार्यक्रम से की। आने वाले कार्यक्रमों में रतिकांत मोहपात्रा अपने पिता ओडिसी कलाकार गुरुजी श्री केलुचरण मोहपात्रा को श्रद्धांजलि देंगे और भरतनाट्यम मएस्त्रो रमा वैद्यनाथन अपनी बेटी सन्निधि और 25 शिष्यों के साथ प्रस्तुति देंगी। 27 जुलाई को राहुल शर्मा, 50-सदस्यीय ऑर्केस्ट्रा के साथ, अपने पिता पंडित शिवकुमार शर्मा को रागों और शास्त्रीय संगीत के माध्यम से श्रद्धांजलि देंगे।

### बदमाश शेर सिंह उर्फ रतन सिंह धाधरेन सहित 2 जने चोरी की गाड़ी सहित गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** कोटा जिले की ग्रामीण पुलिस ने भरतपुर जिला निवासी एक कुख्यात वाहन चोर के साथ भरतपुर निवासी हरियाणा में कार्यरत जीआरपी के कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया है। दोनों चोरी की लग्जरी गाड़ी में घूम रहे थे। कोटा डीएसपी शिवम जोशी ने बताया- जयपुर पुलिस की ओर से चोरी की गाड़ी से दो बदमाशों के फरार होने की सूचना मिली थी। जिले की सीमाओं में नाकाबंदी करवाई गई। बदमाश चोरी की टाटा हैरियर कार के सवाई माधोपुर होते हुए बूंदी जिले की सीमा में पहुंचे। इस दौरान जयपुर की रामनगरिया पुलिस भी लगातार बदमाशों का पीछा करते हुए आ रही थी। बदमाश बूंदी जिले के लबान से 8 लाइन पर होते हुए बूढ़ादित की तरफ आए। यहां पहले से कोटा पुलिस नाकाबंदी कर रही थी। नाकाबंदी देखकर बदमाशों ने भागने की कोशिश की। टीम ने बमुश्किल दोनों को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि बदमाश शेर सिंह उर्फ रतन सिंह (50) धाधरेन थाना बयाना जिला भरतपुर का रहने वाला है। इसके खिलाफ राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात में कई मामले दर्ज है। वाहन चोर शेर सिंह के साथ लक्ष्मण सिंह (52) निवासी नांगल छीपी थाना बयाना जिला भरतपुर को भी पकड़ा है। लक्ष्मण सिंह के पास एक आईडी कार्ड मिला है। आईडी कार्ड के अनुसार लक्ष्मण सिंह हरियाणा के फरीदाबाद जीआरपी में कॉन्स्टेबल है। इनके पास से जयपुर में चोरी हुई टाटा हैरियर कार बरामद की है। दोनों बदमाशों व चोरी की गाड़ी को जयपुर पुलिस के हवाले किया है। जयपुर पुलिस चोरी की गाड़ी व दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई।

## दादिया गांव से निकले हरिद्वार से गंगा जल लेने पेदल कावड़ यात्री, जल लाकर अपने गांव के शिवालय पर करेंगे अभिषेक ’

चमकता राजस्थान

**श्री नगर रघुनंदन पारीक।** किशनगढ़ / अराई पंचायत समिति के अधिन पंचायत दादिया के सरपंच महिपाल सिह ने बताया की बड़े ही शोभागय की बात है की हमारी पंचायत में गंगा का जल नंगे पैर पैदल यात्रा द्वारा लाकर गांव दादिया में शिव लिंग का अभिषेक किया जाएगा , सरपंच ने कहा की दुसरी बार हरिद्रार से कांवड़ आ रही हे ।गांव में महादेव की असीम कृपा बनी रहती है’ सरपंच महीपाल सिंह और गांव वासियों ने पुष्पों की वर्षा कर विदाई दी’ पूरे गांव में हर हर महादेव के जय घोष लगाए गए।



# रोडवेज़ बसों को निर्धारित बस स्टैंड्स की जगह सीधे बाईपास से ले जाने पर होगी कार्यवाही

चमकता राजस्थान



जयपुर, 22 जुलाई। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष श्रीमती श्रेया गुहा ने कहा कि निर्धारित आगारों की बसों का संचालन बाईपास से ना होकर बस स्टैंड्स के ज़रिये ही किया जाये जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों की ज़िम्मेदारी तय कर ऐसा नहीं करने पर कार्यवाही के निर्देश दिये।
श्रीमती गुहा सोमवार को रोडवेज मुख्यालय पर सभी मुख्यप्रबंधकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने बैठक में सीएक्यूएम द्वारा जारी निर्देशो की पालना के लिये एनसीआर रीजन के आगरों की पुरानी हो चुकी बसों को नई बीएस-6 बसों से बदलने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कम राजस्व वाले आगरों को भी नये वैकल्पिक मार्ग और नये शेड्यूल तलाश कर राजस्व में सुधार के निर्देश दिये। श्रीमती गुहा ने 2७2 एसी बसों में बस सारथी के स्थान पर निगम के ही परिचालक नियुक्त करने, अनुबंधित बसों को मार्ग पर भेजने से पहले चालकों के प्रशिक्षण के निर्देश दिये है जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाए जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यात्रा के दौरान यात्रियों को जलपान संबंधी बहेतर सुविधा मुहैया कराने के लिये बसों के उचित और स्वच्छ स्थानों पर ठहराव के निर्देश दिये है। बैठक में रोडवेज अध्यक्ष ने गत बैठकों में लिये गये निर्णयों, विभाग द्वारा जारी आदेश एवं परिपत्रों की क्रियान्वयन संबंधी प्रगति की समीक्षा के साथ साथ गैर राजस्व आय में वृद्धि, जोनल प्रबंधकों को सघन वृक्षारोपण, अन्नपूर्णा रसोई के नियमित निरिक्षण के भी निर्देश दिये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं सीएसआर के तहत उद्योगपतियों के सहयोग से आगरों एवं बस स्टैण्ड्स पर विकास कार्य करवाने के भी निर्देश दिये।
इस अवसर पर निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) श्रीमती अनीता मीना, वित्तीय सलाहकार मनीष शुक्ला, कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) रवि सोनी सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929